रजिस्ट्री सं० डी-222 REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 49] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 8, 1973 (अग्रहायण 17, 1895)
No. 49] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 8, 1973 (AGRAHAYANA 17, 1895)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

भाग III—खण्ड 4
PART III—SECTION 4

विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और सूचनाएँ सम्मिलित हैं

Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies

भारतीय चार्टर प्राप्त लेखाकार संस्थान

नई दिल्ली-1, दिनांक 13 नवम्बर, 1973

सं० 5 सी० ए० (1)/17/73-74—इस संस्थान की अधिसूचना सं० 25 सी० ए० (17)/71 दि० 18 सितम्बर, 1973 के सन्दर्भ में चार्टर प्राप्त लेखाकार विनिमिय 1964 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 17 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में श्री जगदीश सिंह भाटी, एफ ०सी० ए०, मैं० भाटी एण्ड कं० स्टेशन रोड, बिकानेर का नाम दिनांक 14 अक्तूबर, 1973 से पुनः स्थापित कर दिया है। (सं० स० 7245)।

दिनांक 16 नवम्बर 1973

सं० 4 सी० ए० (1)/13/73-74—चार्टर प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 16 के अनुसरण मे एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा 1 खंड (क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये भारतीय चार्टर प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से मृत्यु हो जाने के कारण निम्नलिखित सदस्यों का नाम आगे दी गई तिथियो से हटा दिया है :—

क्र० सं०	सं० सं०	नाम एवं पता	तिथि
1.	113	श्री नौसेर एम० मारफतिया एलिस वि०, 4 मंजिल, डा० डी० एन० रोड, फोर्ट, बम्बई-1	2-9-73
2.	169	श्री पेरामवती मुन्नूस्वामी वराधा-राजू नायडू, 26-डी०, किलपोक गार्डन रोड, 1 किलपोक, मद्रास-10	12-10-73
3.	722	श्री डौंडू गोविन्द जवालकर, 195, बुद्धवार पेठ, सोलापुर	13-10-73
4.	5265	श्री एस० जी० रामाराव, 231, अर्काट श्रीनिवासाचार स्ट्रीट, बंगलौर-2	11-9-73

सं० 8 सी० ए०(1)/8/73-74—चार्टर प्राप्त लेखाकार विनियम, 1964 के विनियम 10(1) खंड (तीन) के अनुसरण में एतत्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किये प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र उनके नामों के आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिये गये हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण-पत्रों को रखने के इच्छुक नहीं :—

क्र० सं०	स० सं०	नाम एवं पता	तिथि
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	11574	श्री श्रीनिवास गोपाल कोलाटकर, ए०सी०ए०, ईस्ट एन्ड वेस्ट बिल्डिंग, 55, अपोलो स्ट्रीट, बम्बई-1	1-11-73 से 30-6-74
2.	13701	श्रीमती सरोज कुमारी अग्रवाल, ए० सी० ए०, कृष्णा नगर फैजाबाद रोड, लखनऊ	20-10-73 से 30-6-74
3.	14968	श्री के० सुधाकर हेगड़े, ए० सी० ए०, दी० विजया बैंक लि०, लेखा विभाग, बंगलौर-1	25-9-73 से 30-6-74

सी० बालकृष्णनन्, सचिव

संचार मंत्रालय
(डाक-तार बोर्ड)

नई दिल्ली-1, दिनांक 8 नवम्बर, 1973

सं० 25/106/73-एल० आई०—श्री एस० एस० अछरेजा की क्रमांक ए-66 दिनांक 20 अगस्त, 1949 की 20,000/- रु० की डाक जीवन बीमा पालिसी विभाग के संरक्षण से गुम हो गई है। यह सूचित किया जाता है कि उक्त पालिसी का भुगतान रोक दिया गया है। उपनिदेशक, डाक जीवन-बीमा कलकत्ता को बीमेदार के नाम पालिसी की दूसरी प्रति जारी करने के अधिकार दे दिये गए हैं। जनता को चेतावनी दी जाती है कि मूल पालिसी के संबंध में कोई लेन-देन न करे।

ह० आपठनीय
निदेशक (डाक जीवन बीमा)

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम
औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 (1948 का 15) की धारा 35 के अन्तर्गत 30 जून, 1973 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के संचालक बोर्ड की रिपोर्ट

पच्चीसवीं वार्षिक रिपोर्ट
1972–73
भारतीय औद्योगिक वित्त निगम
नई दिल्ली
सूचना

सूचना दी जाती है कि भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के अंशधारियों (शेयर होल्डरों) की पच्चीसवीं वार्षिक साधारण सभा, बृहस्पतिवार, तारीख 27 सितम्बर, 1973 को सायंकाल 4.00 बजे (मानक समय) होटल इम्पीरियल, जनपथ, नई दिल्ली में होगी, जिसमें निम्नलिखित विषयों पर कार्यवाही की जायगी :—

1. 30 जून, 1973 को समाप्त हुए वर्ष का निगम का तूलन-पत्र तथा लाभ-हानि लेखा, वर्ष के दौरान निगम के कार्य के सम्बन्ध में बोर्ड की रिपोर्ट और उक्त तूलन-पत्र और लेखों के सम्बन्ध में लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट का वाचन और उस पर विचार।
2. श्री एस० जे० उत्तम सिंह तथा सरदार सन्तोख सिंह के कार्यनिवृत्त होने से औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10 की उप-धारा (1) के खण्ड (ग) तथा (घ) में निर्दिष्ट प्रत्येक अंशधारियों के प्रतिनिधि के रूप में एक-एक संचालक चुनना। इस अधिनियम की धारा 11 के अनुसार ये फिर से चुने जा सकते हैं।
3. श्री एन० ए० कल्याणी के कार्यनिवृत्त होने से औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10 की उप-धारा (1) के खण्ड (ङ) में निर्दिष्ट अंशधारियों के प्रतिनिधि के रूप में एक संचालक चुनना। इन्होंने चार वर्ष की दो अवधियाँ पूरी कर ली हैं, अतः इस अधिनियम की धारा 11 की उप-धारा (2) के तीसरे परन्तुक के अनुसार पुनः चुनाव के लिए पात्र नहीं हैं।
4. औद्योगिक वित्त निगम की धारा 4 की उप-धारा (3) में उल्लिखित पार्टियों अर्थात् अनुसूचित बैंकों, बीमा कम्पनियों, निवेशन्यासों और ऐसी ही अन्य वित्तीय संस्थाओं तथा सहकारी बैंकों द्वारा मैसर्स हरिभक्ति एण्ड कम्पनी, सनदी लेखापाल बम्बई के स्थान पर कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 क पहला) की धारा 226 के अन्तर्गत कम्पनियों

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

के लेखा परीक्षकों के रूप में कार्य करने के लिए विधिवत् अर्हता प्राप्त एक लेखा परीक्षक को औद्योगिक वित्त : निगम अधिनियम, 1948 की धारा 34 के अन्तर्गत चुनना। मैसर्स हरिभक्ति एण्ड कम्पनी इस वर्ष के अन्त में कार्यनिवृत्त हुए हैं पर वे फिर से चुने जा सकते हैं।

26 जून, 1973

बलदेव पसरीचा
महाप्रबन्धक

संचालक बोर्ड	श्री चरन दास खन्ना	अध्यक्ष
	श्री आर० वी० रमन श्री एम० के० वेंकटाचलम्	केन्द्रीय सरकार द्वारा नामित
	श्री एफ० के० एफ० नारीमन् डा० सैम्युल पाल श्री सी० एस० वेंकटराव श्री विष्णु बैनर्जी	भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित
	श्री एस० जे० उत्तमसिंग श्री सी० पी० शाह	अनुसूचित बैंकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए निर्वाचित
	सरदार संतोख सिंह श्री बी० सी० रणदेरिया	बीमा कम्पनियों, निवेश न्यासों और ऐसी ही अन्य वित्तीय संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए निर्वाचित
	श्री एन० ए० कल्याणी डा० डब्ल्यू० सी० श्रीश्रीमल	सहकारी बैंकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए निर्वाचित
बैंकर्स	रिजर्व बैंक आफ इण्डिया	
लेखा परीक्षक	मैसर्स रे० एण्ड रे०	सनदी लेखापाल
	मैसर्स हरिभक्ति एण्ड कम्पनी	सनदी लेखापाल

सलाहकार समितियों के सदस्य

रासायनिक प्रक्रिया और समवर्गीय उद्योग	श्री चरन दास खन्ना	अध्यक्ष	**चीनी उद्योग**	श्री चरन दास खन्ना	अध्यक्ष
	श्री एन० ए० कल्याणी			श्री एन० ए० कल्याणी	
	सरदार संतोख सिंह			डा० डब्ल्यू० सी० श्रीश्रीमल	
	श्री एफ० के० एफ० नारीमन्			श्री एस० एन० गुंडुराव	
	डा० सैम्युल पाल			श्री जे० के० भोंसले	
	श्री एस० के० मुखर्जी			श्री पी० एस० राजगोपाल नायडू	
	श्री सी० जे० दावचन्जी			श्री एस० सी० गुप्ता	
	श्री जयन्त जे० मेहता			श्री ए० दास	
	श्री आर० वी० रमानी			श्री एस० वी० सम्पत	
	श्री टी० थामस			श्री एम० एस० गिल	
	श्री एम० डी० पारेख			श्री एस० पी० बालासुब्रह्मण्यम्	
	श्री ए० सीतारमैया			श्री सोहन लाल सक्सेना	
	श्री एन० सी० कृष्णामूर्ति				
	श्री एस० वेंकटारमन्				
इंजीनियरिंग उद्योग	श्री चरन दास खन्ना	अध्यक्ष	**पटसन उद्योग**	श्री चरन दास खन्ना	अध्यक्ष
	श्री एन० ए० कल्याणी			श्री एस० जे० उत्तमसिंग	
	सरदार संतोख सिंह			श्री एफ० के० एफ० नारीमन्	
	श्री एस० जे० उत्तमसिंग			श्री ए० बी० सेनगुप्ता	
	डा० डब्ल्यू० सी० श्रीश्रीमल			श्री हरिशंकर सिंघानिया	
	श्री विष्णु बैनर्जी			श्री एस० पौल	
	श्री प्राणलाल पटेल			श्री जे० पी० गोयनका	
	श्री पी० आर० देशपांडे			श्री बी० डी० कुमार	
	श्री बी० डी० कालेलकर			श्री एस० एन० चक्रवर्ती	
	श्री बी० एम० राव			श्री एस० एन० अग्रवाल	
	श्री सी० बी० सरन				
	श्री के० बी० राव				

	डा० बी० डी० पाँडा	
	श्री एस० के० सिन्हा	
	श्री हरिभूषण	
सूतीवस्त्र उद्योग	श्री चरन दास खन्ना	अध्यक्ष
	सरदार संतोख सिंह	
	श्री एस० जे० उत्तमसिंग	
	श्री सी० पी० शाह	
	श्री विष्णु बैनर्जी	
	श्री प्रफुल्ल अनुभय	
	श्री के० सुन्दरम्	
	श्री सी० एस० रामाचारी	
	श्री एस० ए० खेर	
	श्री एन० एस० शर्मा	
	श्री टी० एन० शर्मा	
	श्री पी० एन० कपूर	
	श्री आई० बी० दत्त	
	श्री ए० दास	
	श्री एम० एस० गिल	

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की रूप रेखा

निगमन और प्रयोजन

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की स्थापना भारतीय संसद के एक अधिनियम के अन्तर्गत 1948 में हुई। इसका उद्देश्य भारत में औद्योगिक संस्थाओं को मध्यम और दीर्घकालीन वित्तीय सहायता उपलब्ध करना है।

पूंजी

इस समय इसकी प्रदत्त पूंजी (पेडअप कैपीटल) 10.00 करोड़ रुपय है, जिसका 50 प्रतिशत भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (इण्डस्ट्रियल डेवलपमेन्ट बैंक आफ इण्डिया) द्वारा लगाया गया है। यह बैंक रिजर्व बैंक आफ इण्डिया के पूर्ण स्वामित्व में है और उसके द्वारा नियंत्रित भी है। शेष 50 प्रतिशत रुपया अनुसूचित बैंकों, सहकारी बैंकों, बीमा संस्थाओं और निवेश-न्यासों आदि के द्वारा लगाया गया है।

प्रबन्ध

संचालक बोर्ड में एक पूर्णकालिक (होल टाइम) अध्यक्ष और बारह संचालक हैं। अध्यक्ष की नियुक्ति भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से परामर्श करके, केन्द्रीय सरकार द्वारा की जाती है। दो संचालक केन्द्रीय सरकार तथा चार संचालक भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित किए जाते हैं। छः संचालक भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से भिन्न अंशधारियों द्वारा चुने जाते हैं।

कार्य और उधार नीतियां

भारत में पंजीकृत ऐसी कोई भी लिमिटेड कम्पनी या सहकारी सहमिति, जो माल के निर्माण, परिरक्षण या अभिसंस्कार (प्रोसेसिंग) में, अथवा नौपरिवहन, खनन या होटल उद्योग में अथवा बिजली या अन्य किसी प्रकार की शक्ति के जनन या वितरण में लगी हुई हो या लगने का विचार करती हो, निगम से वित्तीय सहायता प्राप्त करने की पात्र है। सरकारी क्षेत्र की परियोजनायें भी, जो पब्लिक लिमिटेड कम्पनियाँ हैं, गैर सरकारी क्षेत्र की औद्योगिक परियोजनाओं के समान ही सहायता प्राप्त कर सकती हैं। केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित कम विकसित राज्यों/केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों में औद्योगिक परियोजनाएं लगाने के लिए वित्तीय सहायता रियायती दर उपलब्ध है। यह सहायता विभिन्न रूपों में हो सकती है, जैसे रुपये और विदेशी मुद्रा का दीर्घकालीन ऋण, जारी किए गए साधारण (इक्विटी) और अधिमान शेयरों या डिबेंचरों की हामीदारी (अंडर राइटिंग), साधारण, अधिमान और डिबेंचर पूंजी का अभिदान, विदेशों से आयात की गई या भारत में ही खरीदी गई मशीनरी के लिए आस्थगित अदायगी (डेफर्ड पेमेंट) गारंटी और विदेशी वित्तीय संस्थाओं से विदेशी मुद्रा के रूप में और अनुसूचित बैंकों या राज्य सहकारी बैंकों या सार्वजनिक बाजार से भारतीय मुद्रा के रूप में लिए गए ऋणों की गारंटी। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के द्वारा प्रदत्त वित्तीय सहायता का उद्देश्य नई औद्योगिक परियोजनाएं स्थापित करना और वर्तमान परियोजनाओं का नवीकरण, आधुनिकीकरण, विस्तार या विशाखन (डाइवर्सिफिकेशन) करना है।

निधियों के स्रोत

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की निधियों के मुख्य स्रोत उसकी अपनी पूंजी, संचित आय, दिए गए ऋणों की वापसी (रि-पेमेन्ट) और निवेशों की बिक्री के अतिरिक्त बाँड जारी कर के बजार से रुपया उधार लेना और केन्द्रीय सरकार से ऋण लेना एवं विदेशी ऋण हैं।

भारतीय औद्योगिक निगम की रूप रेखा

वित्तीय कार्यों का संक्षिप्त विवरण

(रुपय करोड़ों में)

	30-6-72 तक			30-6-73 को समाप्त हुए वर्ष तक			30-6-73 को जोड़			30-6-73 को बकाया रकम
	मन्जूरियाँ (निवल)		संवितरित रकम	मन्जूरियाँ (निवल)		संवितरित रकम	मन्जूरियाँ (निवल)		संक्तिरित रकम	
	संख्या	रकम		संख्या	रकम		संख्या	रकम		
	(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
1. ऋण										
—रुपया	726	261.30	277.65	66	39.57	25.69	792	300.87	253.34	156.33
—विदेशी मुद्रा	175	46.28	38.42	23	3.59	4.31	198	49.87	42.73	28.82
जोड़	901	307.58	266.07	89	43.16	30.00	990	350.74	296.07	185.15
2. हामीदारियां										
—साधारण शेयर	152	13.46	6.69	24	1.36	0.59	176	14.82	8.56	6.42
—अधिमान शेयर	121	8.08	4.58	14	0.65	0.68	135	8.73	6.26	4.11
—डिबेंचर	22	9.98	7.58	3	0.25	0.83	25	10.23	8.41	4.31
जोड़	295	31.52	21.13	41	2.26	2.10	336	33.78	23.23	14.84
3. प्रत्यक्ष अभिदान										
—साधारण शेयर	17	0.98	0.62	4	0.08	0.24	21	1.06	0.86	1.65*
—अधिमान शेयर	6	0.25	0.13	—	—	—	6	0.25	0.13	0.67*
—डिबेंचर	1	1.82	1.82	—	—	—	1	1.82	1.82	1.27
जोड़	24	3.05	2.57	4	0.08	0.24	28	3.13	2.81	3.59
4. गारंटियां										
—आस्थगित अदायगी गारंटियां	41	29.19	27.76	3	0.65	0.61	44	28.84	28.37	5.19
—विदेशी ऋणों के लिए गारंटियां	5	23.33	23.33	—	—	—	5	23.33	23.33	7.32
जोड़	46	51.52	51.09	3	0.65	0.61	49	52.17	51.70	12.51
1 से 4 तक का जोड़	1266	393.67	340.86	137@	46.15	32.95	1403	439.82	373.81	216.09

*इसमें 6 कम्पनियों के 1.03 करोड़ रुपये के बकाया ऋण भी सम्मिलित हैं, जिन्हें शेयरों में बदल दिया गया और दूसरी कम्पनी के 0.06 करोड़ रुपये के डिबेंचर भी सम्मिलित हैं जिन्हें साधारण शेयरों में बदल दिया गया।

@ये मन्जूरियां 87 संस्थाओं को की गई जिनका विवरण परिशिष्ट 'क' में दिया गया है।

टिप्पणी :—30-6-1972 को निवल मन्जूरियों के जो आंकड़े दिखाए गए हैं वे वार्षिक रिपोर्ट में दिए गए आंकड़ों से मेल नहीं खाते, क्योंकि उनमें से 30-6-1972 तक वित्तीय सहायता की कुछ मंजूरियां बाद में या तो वापस ले ली गयीं या समन्जित कर दी गई।

निगम के कार्यों की उल्लेखनीय बातें

30 जून, 1973 को वित्तीय सहायता का विस्तार

	(रुपये, करोड़ों में)			अमरीकी डालर (दस लाख में*)		
	मंजूरियां (निवल)	संवितरण	बकाया	मंजूरियां (निवल)	संवितरण	बकाया
ऋण						
—रुपया	300.87	253.34	156.33	401.16	337.79	208.44
—विदेशी मुद्रा	49.87	42.73	28.82	66.49	56.97	38.43
हामीदारी और प्रत्यक्ष अभिदान	36.91	26.04	18.43	49.22	34.72	24.57
उप-जोड़	387.65	322.11	203.58	516.87	429.48	271.44
गारंटियां :						
—आस्थगित अदायगी के लिए	28.84	28.37	5.19	38.45	37.82	6.92
—विदेशी ऋणों के लिए	23.33	23.33	7.32	32.11	31.11	9.76
जोड़ 1973	439.82	373.81	216.09	568.43	498.41	288.12
जोड़ 1972	393.67	340.86	203.79	524.89	454.48	271.72

वित्तपोषित औद्योगिक परियोजनाएं

उर्वरक	13	मशीनरी तथा कल-पुर्जे	50	वस्त्र	97
लोहा तथा इस्पात	41	कृत्रिम रेशे तथा		चीनी	108
सीमेंट	25	रेजिन्स	24	पटसन	14
कागज	30	परिवहन उपस्कर	30	होटल	9
मूल रसायन	23	रबर उत्पादन	12	कांच	13
अलौह धातु	12	बिजली मशीनरी तथा उपस्कर	34	खान	7
धातु उत्पाद	26	अन्य रसायन	19	अन्य	34

परियोजनाओं की संख्या : 621 संस्थाओं की संख्या : 565

वित्तीय सहायता के विशेष आयाम

	सहकारी क्षेत्र	कम विकसित क्षेत्रों की परियोजनाये
मंजूर की गई सहायता		
—राशि	105.49 करोड़ रुपये	125.88 करोड़ रुपये
—कुल निवल मंजूरियों में हिस्सा	24.0 प्रतिशत	28.6 प्रतिशत
वित्तपोषित परियोजनाओं की संख्या	115	177

*रुपयों की राशि 7.50 रुपये प्रति अमरीकी डालर की दर से संपरिवर्तित की गई।

वित्तीय सार

	(रुपये, करोड़ों में)		अमरीकी डालर (दस लाख में)*
	1972	1973	1973
पूंजी और आरक्षित निधियां (30 जून को)			
प्रदत्त पूंजी	9.17	10.00	13.33
आरक्षित निधियां	16.02	18.34	24.46
जोड़	25.19	28.34	37.79
वर्ष के दौरान आय			
सकल आय	14.98	14.98	19.97
कर से पूर्व सकल लाभ	4.84	4.52	6.03
निवेश मूल्य में ह्रास के लिए व्यवस्था	0.48	—	—
कर के लिए व्यवस्था	2.17	1.62	2.16
निवल लाभ	2.19	2.90	3.87

*रुपयों की राशि 7.50 रुपये प्रति अमरीकी डालर की दर से संपरिवर्तित की गई।

यह वर्ष-संक्षेप में

यह वर्ष निगम का रजत जयन्ती वर्ष था। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, जिसकी स्थापना स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् 1948 में हुई, ने उद्योग की सेवा में 25 वर्ष पूरे कर लिये हैं।

मंजूरियां

30 जून, 1973 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निगम ने 90 औद्योगिक परियोजनाओं को 46.15 करोड़ रुपये की निवल वित्तीय सहायता मंजूर की, जबकि पिछले वर्ष 68 परियोजनाओं को 39.16 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई थी। ये मंजूरियां 15 राज्यों तथा 2 केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों को मंजूर की गईं। निगम ने प्रथम बार नागालैण्ड की एक परियोजना को सहायता मंजूर की।

सहायता प्राप्त करने वाली इन परियोजनाओं में से 48 नई परियोजनाओं को कुल मंजूरियों का 60.5 प्रतिशत (27.92 करोड़ रुपये) भाग प्राप्त हुआ।

इस वर्ष के दौरान उद्योगों के विस्तृत समूह को सहायता मंजूर की गई। इन परियोजनाओं की पूंजीगत लागत का अनुमान 180.60 करोड़ रुपये है।

सहकारी परियोजनाएं

इस वर्ष सहकारी क्षेत्र की 15 चीनी तथा 2 वस्त्र परियोजनाओं को रुपया ऋणों के रूप में 18.07 करोड़ रुपये की सहायता दी गई, जो कुल मंजूर रुपया ऋणों का 45.7 प्रतिशत है।

कम विकसित क्षेत्रों की परियोजनाएं

वर्ष के दौरान जिन 90 परियोजनाओं को सहायता मजूर की गई, उनमें से 30 परियोजनाएं केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित कम विकसित जिलों में स्थित होंगी तथा इनमें से 7 परियोजनाएं सहकारी क्षेत्र में हैं। इन 30 परियोजनाओं को 20.36 करोड़ रुपए की सहायता दी गई, जो वर्ष के दौरान कुल मजूरियों का 44.1 प्रतिशत है।

सरकारी क्षेत्र की परियोजनाएं

इस वर्ष के दौरान निगम ने सरकारी क्षेत्र के 3 उपक्रमों को, सहायता मंजूर की। इनमें से 2 चीनी उद्योग तथा एक तांबा खान उद्योग से संबंधित परियोजना है।

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम में संशोधन

वर्ष के दौरान औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 में औद्योगिक वित्त निगम (संशोधन) अधिनियम, 1972 के द्वारा महत्वपूर्ण संशोधन किये गये। संशोधित अधिनियम के 24 दिसम्बर, 1972 से लागू हो जाने से निगम को प्राइवेट लिमिटेड कम्पनियों को भी वित्तीय सहायता मंजूर करने के लिए प्राधिकृत किया गया है।

कार्य परिणाम

इस वर्ष के कार्य परिणाम में 4.52 करोड़ रुपये का कराधान से पहले सकल लाभ हुआ। कराधान के लिए 1.62 रुपये की व्यवस्था करने के पश्चात् निवल लाभ 2.90 करोड़ रुपये हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.71 करोड़ रुपये अधिक था। निधियों में 2.34 करोड़ रुपये की राशि जमा कर दी गई, इससे निगम की आरक्षित निधियां 18.34 करोड़ रुपये हो गईं, जो प्रदत्त पूंजी से 8.34 करोड़ रुपये अधिक है।

नये कार्यालय

वर्ष के दौरान, निगम के दो नये कार्यालयों ने कानपुर तथा पटना में कार्य करना शुरू कर दिया है।

प्रदत्त पूंजी

निगम ने चौथी सिरीज के 3,308 शेयरों के लिए 2,500 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से मांग की तथा इस मांगी गई राशि के पूर्णतः प्राप्त होने से प्रदत्त पूंजी 10.00 करोड़ रुपये हो गई है।

बांड निर्गमन

वर्ष के दौरान निगम ने अपने स्रोतों को बढ़ाने के लिए अक्तूबर, 1972 तथा अप्रैल, 1973 में क्रमशः 10 करोड़ रुपये तथा 12.00 करोड़ रुपये के बांड जारी किये। जारी की गई राशि में अनुज्ञेय 10 प्रतिशत रकम को मिलाकर निगम को क्रमशः 11.00 करोड़ रुपये तथा 13.17 करोड़ रुपये का अभिदान प्राप्त हुआ।

विदेशी ऋण

वर्ष के दौरान पश्चिमी जर्मनी के क्रेडिस्तांस्तल द्वारा निगम को 80 लाख जर्मनी मार्क का एक और ऋण स्वीकार किया गया। भारत सरकार ने संयुक्त राज्य/भारत पूंजी निवेश ऋण, 1973 के अधीन 15 लाख पौण्ड का ऋण आबंटित किया। इस ऋण करार से सम्बन्धित दस्तावेज शीघ्र ही पूरे कर लिये जायेंगे। इस ऋण के पूरा होने से निगम के पास इन ऋणों की राशि 35 लाख पौण्ड हो गई है।

संवितरण

इस वर्ष के दौरान 32.95 करोड़ रुपये का संवितरण हुआ, जो पिछले वर्ष 22.10 करोड़ रुपये था। नकद संवितरण 30.51 करोड़ रुपये रहा, इसमें विदेशी मुद्रा ऋणों तथा मशीनरी के आयात के लिए आस्थगित गारंटियों के 1.83 करोड़ रुपये शामिल नहीं हैं। जो हामीदारी दायित्वों के रूप में निगम को देने पड़े। 0.61 करोड़ रुपये की राशि आस्थगित अदायगियों की गारंटी के रूप में दी गई।

रजत जयन्ती समारोह

रजत जयन्ती समारोहों को मनाने के लिए निगम ने निम्नलिखित समारोहों का आयोजन किया :

(1) निगमित कम्पनी क्षेत्र से ऋण प्राप्त करने वाली संस्थाओं का सम्मेलन नई दिल्ली में, 10 फरवरी, 1973 को बुलाया गया। सम्मेलन का उद्घाटन, केन्द्रीय वित्त मंत्री श्री यशवन्तराव बलवन्तराव चाव्हाण ने किया। इस सम्मेलन ने निगम से ऋण प्राप्त करने वाली संस्थाओं में निगम की नीतियों तथा कार्य-प्रणाली के प्रति अधिक सूझबूझ पैदा करने का कार्य किया।

(2) निगम ने 'भारतीय औद्योगिक वित्त निगम रजत जयन्ती स्मृति भाषण' की स्थापना की है। प्रथम भाषण 7 मार्च, 1973 को पश्चिमी जर्मनी के क्रेडिस्तांस्तल के प्रबन्ध मण्डल के सदस्य मि० हेन्स इरिक वैकम ने दिया। रिजर्व बैंक के गवर्नर श्री एस० जगन्नाथन ने समारोह की अध्यक्षता की। मि० वैकम के स्मृति भाषण का विषय 'छोटे तथा मध्य वर्ग के उद्योगों के विशेष संदर्भ में विकास बैंकिंग के नये पहलू' था।

(3) निगम द्वारा प्रवर्तित प्रबन्ध विकास संस्थान का उद्घाटन 8 मार्च, 1973 को के० एफ० डब्ल्यु० के मि० हेन्स इरिक वैकम ने किया। समारोह की अध्यक्षता भारी उद्योग मंत्री श्री टी० ए० पाई ने की।

वर्ष के दौरान निगम के कार्यों का संक्षिप्त विवरण

(रुपये, करोड़ों में)

	मंजूरियां (निवल)	संवितरण
ऋण :		
—रुपया	39.57	25.69
—विदेशी मुद्रा	3.59	4.31
हामीदारियां तथा प्रत्यक्ष अभिदान	2.34	2.34
आस्थगित अदायगी गारंटियां	0.65	0.61
	46.15	32.95

सहायता के विशेष आयाम

*कम विकसित क्षेत्रों की 30 परियोजनाओं को निवल मंजूरियों का 44.1 प्रतिशत भाग प्राप्त हुआ।

*17 सहकारी परियोजनाओं को निवल मंजूरियों का 39.5 प्रतिशत भाग प्राप्त हुआ।

*48 नई परियोजनाओं को वित्तीय सहायता मंजूर की गई।

*वर्ष के दौरान वित्तपोषित 90 परियोजनाओं की लागत 180.60 करोड़ रुपये है, जिसमें से 70.09 करोड़ रुपये की पूंजी लागत कम विकसित क्षेत्रों की परियोजनाओं से सम्बन्धित है।

*नये उद्यमकर्ताओं/व्यावसायिकों द्वारा प्रवर्तित 9 परियोजनाओं को सहायता प्रदान की गई।

30 जून, 1973 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के संचालक बोर्ड की रिपोर्ट

संचालक बोर्ड 30 जून, 1973 को समाप्त हुए वर्ष के परीक्षित लेखा विवरण के साथ निगम के कार्य संचालन के बारे में अपनी पच्चीसवीं रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।

उद्योग की सेवा में पच्चीस वर्ष

निगम ने 30 जून, 1973 को उद्योग की सेवा में पच्चीस वर्ष पूरे कर लिए हैं तथा इस वर्ष निगम ने अपनी रजत जयंती मनाई।

1948 में स्वतन्त्रता प्राप्ति के तत्काल पश्चात् निगम की स्थापना प्रथम विकास बैंक के रूप में हुई। अपने अधिनियम के अधीन निगम की स्थापना का मूल उद्देश्य 'भारत की औद्योगिक संस्थाओं को, विशेषकर उन परिस्थितियों में जिनमें सामान्य बैंकिंग सुविधायें अपर्याप्त हैं अथवा पूंजी पुरोधरण पद्धतियों का अवलम्ब असाध्य है, अधिक सुगमता से उपलब्ध कराने के प्रयोजन के लिए, स्थापित करना था तदनुसार निगम औद्योगिक संस्थाओं की नई परियोजनायें लगाने के लिए तथा वर्तमान परियोजनाओं के विस्तार, विशाखन एवं आधुनिकीकरण के लिए स्थायी पूंजी की आवश्यकताएं पूरी करता रहा है।

पिछले पच्चीस वर्षों की सेवा के दौरान निगम ने इसके चार्टर के अधीन इसे सौंपे गये दायित्वों को निभाने का भरसक प्रयत्न किया है। राष्ट्र के औद्योगिक विकास में निगम के योगदान को केवल इसके द्वारा मंजूर की गई सहायता की मात्रा अथवा वित्तपोषित परियोजनाओं की संख्या से नहीं आंका जाना चाहिए, परन्तु अर्थव्यवस्था पर इसकी सहायता के समग्र प्रभाव को भी ध्यान में रखना होगा। यहां पर उनमें से कुछ का उल्लेख किया जा सकता है—औद्योगिक सहकारिताओं, विशेषकर चीनी तथा वस्त्र उद्योग में सहायता देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विकास, कम विकसित क्षेत्रों का विकास, रोजगार की सुविधायें बढ़ाना, नये उत्पादों तथा तकनीकों का विकास, नये उद्यमकर्ताओं तथा व्यावसायिकों को प्रोत्साहन, कृषि उत्पादन वृद्धि में सहायक, जैसे उर्वरक, कीट-नाशक, कृषि मशीनरी आदि, निर्यात महत्व तथा आयात में बचत करने वाली परियोजनाओं को प्रोत्साहन, निर्यात महत्व के पटसन तथा वस्त्र मिलों का आधुनिकीकरण, आदि।

वर्षों के दौरान निगम के कार्यों का क्षेत्र बहुत ही विस्तृत होता रहा है। राष्ट्र का प्रथम विकास बैंक होने के नाते इसके सामने न तो परम्परायें थीं और न अनुकरण के लिए उदाहरण; इसका एक-मात्र पथ प्रदर्शन इसका चार्टर था। सावधानी से आगे बढ़ते हुए निगम ने अनुभव से सीख कर अपनी नीतियों तथा कार्य-विधियों का निर्धारण किया। निगम ने पिछले पच्चीस वर्षों के दौरान, उद्योगों के एक विस्तृत समूह के मध्यम तथा बड़े वर्ग की 600 से अधिक औद्योगिक परियोजनाओं को सहायता प्रदान करके पर्याप्त अनुभव प्राप्त कर लिया है। वर्षों के दौरान, इसने बहुत से संगठनात्मक परिवर्तन किये ताकि निगम अपने कार्यों को प्रभावशाली ढंग से निभाने के लिए अपने को तैयार कर सके।

वर्षों के अनुभव पर आधारित निगम की कार्यविधियों को लगातार निर्मित तथा मानकीकृत किया जा रहा है। उदाहरणतः आवेदकों की सुविधा के लिए बहुत सी उद्योगवार मुद्रित मानक प्रश्नावलियां तैयार की गई हैं। विदेशी मुद्रा ऋण तथा अतिव्यय के लिए अतिरिक्त वित्त प्राप्त करने के इच्छुक आवेदकों के लिए अलग प्रश्नावलियां तैयार की गई हैं।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

ये प्रश्नावलियां, पूछी गई सूचना में विस्तृत होने के साथ-साथ आवेदन-पत्रों को शीघ्रता से निपटाने में पत्र व्यवहार में लगने वाले समय को कम से कम करने में सहायक होती हैं। वित्तीय सहायता प्रदान करने से पूर्व बहुत-सी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए आवेदकों द्वारा किये जाने वाले कार्यों से उन्हें पहले से अवगत कराने के लिए बहुत-सी निरीक्षण सूचियां भी तैयार की गई हैं।

अपने कार्यों के दौरान निगम वित्तीय सहायता मंजूर करने तथा सहायता संवितरण से पहले अनेकों विधिक औपचारिकताओं को पूरा करने में पैदा हुए समय-अन्तराल को कम करने की आवश्यकता से भली प्रकार अवगत है। वर्षों के दौरान, निगम ने प्रधान कार्यालय तथा शाखाओं में विधि विभागों की स्थापना की है। अब प्रधान कार्यालय तथा शाखायें विभिन्न विधिक दस्तावेजों को तैयार करने तथा स्वामित्वाधिकार की खोज सहित सभी विधिक कार्य करते हैं। निगम ने वित्तपोषित संस्थाओं द्वारा बंधक किये जाने वाले अधिकतर विधिक दस्तावेजों को भी मानकीकृत तथा मुद्रित कर लिया है। इस मानकीकृत के साथ-साथ निगम के कार्यालयों में विभिन्न विधिक स्टाफ उचित मात्रा में होने से लगने वाली देरी को कम कर दिया गया है तथा निगम इस क्षेत्र में और भी सुधार के लिए सतत परीक्षण कर रहा है।

निगम की कार्यप्रणाली को परम्परागत प्रतिभूति आधारित पहुंच के स्थान पर परियोजना आधारित नई पहुंच में ढालने के लिए औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम को उपयुक्त रूप से संशोधित किया गया है तथा प्रतिभूति की अनिवार्य शर्त को और अधिक लोचदार बना दिया गया है।

कम विकसित क्षेत्रों के विकास की आवश्यकता तथा नये उद्यमकर्ताओं एवं व्यावसायिकों को प्रोत्साहन देने के महत्व को देखते हुए निगम ने बहुत से प्रवर्तन कार्य शुरू किए हैं जिनकी रिपोर्ट में अन्य स्थान पर विस्तृत व्याख्या की गई है। वांतव्य आरक्षित निधि की स्थापना हो जाने से आशा की जाती है कि निगम के प्रवर्तन कार्य काफी बढ़ जायेंगे।

जैसा कि सहायता प्राप्त करने वाले उद्योगों की मात्रा तथा विविधता बढ़ रही है, निगम ने विभिन्न क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों से व्यावसायिक स्टाफ की नियुक्ति करके संगठन के मजबूत किया है। पिछले कुछ महीनों में निगम ने देश के विभिन्न भागों, विशेषकर कम विकसित राज्यों में कई कार्यालय खोले हैं। कुछ और कार्यालय खोलने का निर्णय किया गया है। आशा की जाती

है कि इन कार्यालयों के खुल जाने से निगम देश के विभिन्न भागों में व्याप्त अपने वर्तमान तथा भावी वित्त प्राप्त करने वाली संस्थाओं की अधिक कुशलता से सेवा कर सकेगा।

निगम अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं, अर्थात् भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय साख एवं निवेश निगम, जीवन बीमा निगम तथा यूनिट ट्रस्ट आफ इण्डिया के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय दृष्टि से उच्च प्राथमिकता वाली परियोजनाओं की भारी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अखिल भारतीय स्तर की वित्तीय संस्थाओं ने सहयोग की नीति को अपनाया है। प्रत्येक संस्था रुपया/ऋणों, विदेशी मुद्रा ऋणों अथवा शेयर पूंजी और डिबेंचरों में हामीदारियों के रूप में अपना योगदान देती है। इस अनौपचारिक संगठन के सदस्य न केवल परियोजना की भारी वित्तीय आवश्यकताओं का ध्यान रखते हैं अपितु आपसी विचार विनिमय द्वारा मिल कर कार्य करते हैं। भागीदार संस्थाओं के तकनीकी तथा वित्तीय अधिकारियों द्वारा परियोजनाओं के संयुक्त मूल्यांकन से नीतियों तथा कार्य पद्धति में समन्वय भी रखा जाता है। वित्तीय संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों की नियमित समय पर बुलाई गई अन्तर-संस्थाई बैठकों में विचार विनिमय किया जाता है।

निगम के कार्यों की समीक्षा

2. वर्ष के दौरान निगम ने 49.06 करोड़ रुपये की सकल वित्तीय सहायता मंजूर की। समंजित की गई मंजूरियों के बाद 90 परियोजनाओं को 46.15 करोड़ रुपये की निवल वित्तीय सहायता मंजूर की गई। विविध उद्योगों से सम्बन्धित इन परियोजनाओं की कुल पूंजीगत लागत 180.60 करोड़ रुपये है। प्रत्येक परियोजना की मंजूर वित्तीय सहायता का ब्यौरा परिशिष्ट 'क' में दिया गया है।

निगम ने अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के साथ जिन 48 परियोजनाओं को वित्तीय सहायता दी है उनकी पूंजीगत लागत 137.16 करोड़ रुपये है।

इस वर्ष के दौरान उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में जिन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को वित्तीय सहायता मंजूर की गई उनकी समीक्षा नीचे दी गई है।

वर्ष के दौरान वित्तपोषित परियोजनाएं

कागज उद्योग

3. वर्ष के दौरान, निगम ने कागज तथा कागज उत्पाद उद्योग की 8 परियोजनाओं को 355.76 लाख रुपये की सहायता दी है। इनमें सात परियोजनायें विस्तार के लिए थी और एक परियोजना के मामले में सहायता कम्पनी के उत्पाद तथा क्वालिटी बढ़ाने के लिए दी गई ताकि कम्पनी का लाभ बढ़ सके। विस्तार के लिए इन 7 परियोजनाओं की लागत का अनुमान 24.29 करोड़ रुपये है।

इस सहायता को मिलाकर कागज तथा कागज उत्पाद उद्योग की 30 परियोजनाओं को निगम की कुल संचयी सहायता 28.57 करोड़ रुपये प्राप्त हुई।

सामान्यतः अधिकतर विस्तार परियोजनायें कागज की कमी को दूर करने के लिए भारत सरकार के 'कैश प्रोग्राम' के अधीन वित्तीय सहायता के लिए पहुंच कर रही हैं।

सीमेन्ट उद्योग

4. सीमेंट तथा सीमेंट उत्पाद उद्योग में चार परियोनाओं को 215.00 लाख रुपये की सहायता मंजूर की गई। इस सहायता के मंजूर होने से इस उद्योग की 25 परियोजनाओं को कुल मंजूर सहायता 20.40 करोड़ रुपये हो गई है।

पन्यम सीमेंट्स एण्ड मिनरल इन्डस्ट्रीज लि० को परियोजना की वर्तमान सीमेंट उत्पादन क्षमता 86,000 टन वार्षिक वृद्धि करने के लिए और मैसूर राज्य के बेलुरी जिले में प्रति वर्ष 14,850 टन कैल्शियम कार्बाइड का उत्पादन करने के लिए नई परियोजना को 75.00 लाख रुपये की सहायता मंजूर की गई। तमिलनाडु के कम विकसित जिले रामानाथापुरम में स्थित अन्य संस्था मद्रास सीमेंट्स लि० को भी प्रति वर्ष 1.90 लाख टन से 4 लाख टन की विस्थापित क्षमता के विस्तार के लिए 85 00 लाख रुपये की सहायता मंजूर की गई।

साउदर्न एस्बेस्टस सीमेंट लि० मद्रास को मैसूर राज्य के कम विकसित जिले धारवाड़ में 36,000 टन वार्षिक क्षमता वाले दूसरे संयंत्र के लिए सीमेंट उत्पादों, जैसे, नालीदार तथा अर्ध-नालीदार शीटें, समतल सीटें तथा छत की सहायक सामग्री बनाने के लिए 40.00 लाख रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की गई। इस परियोजना का बाद में 3,600 टन सिंचाई तथा वर्षा जल पाईप और पाईप फिटिंग का सामान बनाने का प्रस्ताव है।

कांच उद्योग

5. कांच उद्योग में 5.28 करोड़ रुपये की परियोजना लागत वाली 3 परियोजनाओं को 88.98 लाख रुपये की सहायता मंजूर की गई। इस सहायता के मंजूर होने से इस उद्योग की 13 परियोजनाओं को मंजूर सहायता 4.46 करोड़ रुपये हो गई।

यूनिवर्सल ग्लास लि० को उत्तर प्रदेश में 18,000 टन प्रति वर्ष कांच बोतलें बनाने के लिए एक स्वचालित कांच बोतल संयंत्र के लिए 35.00 लाख रुपये की सहायता मंजूर की गई। परियोजना लागत 2 10 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। निगम ने त्रिवेणी शीट ग्लास वर्कस लि० को भी 45.00 लाख रुपये की सहायता मंजूर की। यह नई इकाई प्रति वर्ष 50 लाख वर्ग मीटर शीट ग्लास का उत्पादन करने के लिए उत्तर प्रदेश में लगाई जायेगी। परियोजना की कुल लागत लगभग 2.47 करोड़ रुपये होगी। यह परियोजना आटोमोबाइल तथा निर्माण उद्योगों में कांच की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने मे मदद करेगी।

मूल औद्योगिक रसायन

6. निगम ने इस उद्योग की तीन परियोजनाओं को 84.76 लाख रुपये की सहायता मंजूर की, इस सहायता को मिलाकर इस उद्योग की 23 परियोजनाओं को निगम द्वारा कुल मंजूर सहायता 24.67 करोड़ रुपये हो गई है।

संयुक्त क्षेत्र की एक नई कम्पनी मैसूर पैट्रो-केमिकल्स लि० को प्रति वर्ष 6,000 टन पैथालिक अन्हाइड्राईड बनाने के लिए 80.00 लाख रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की गई। यह परियोजना मैसूर राज्य के अधिसूचित कम विकसित जिले रायचुर में लगाई जा रही है। इस परियोजना की कुल लागत 4.45 करोड़ रुपये होगी और इसे पश्चिमी जर्मनी की तकनीकी जानकारी से लगाया जा रहा है।

रबर उद्योग

7. इस उद्योग की दो परियोजनाओं को 122.78 लाख रुपये की सहायता मंजूर की गई। इन दो परियोजनाओं की कुल लागत 4.28 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इस उद्योग मे अब तक 12 परियोजनाओं को 14.77 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई है।

पहले से वित्तपोषित संस्था मद्रास रबर फैक्टरी लि० को आटोमोबाइल टायर और ट्यूब तथा संयंत्र लगाने के लिए 100 लाख रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की गई, प्रारम्भ में इस फैक्टरी की उत्पादन क्षमता प्रति वर्ष 3 लाख टायर तथा ट्यूब होगी। गोआ के अधिसूचित कम विकसित क्षेत्र में लगाई जाने वाली इस परियोजना की लागत 3.67 करोड रुपये होगी।

निगम से एक अन्य परियोजना को रबर के टुकड़ों से रबर का पुर्नावर्तन करने के लिए सहायता प्राप्त हुई है।

लोहा तथा इस्पात (फाउंडरियों आदि सहित)

8. लोहा तथा इस्पात उद्योग में 8.30 करोड रुपये की पूंजी लागत वाली 6 परियोजनाओं को 189.67 लाख रुपये मंजूर किये गये।

निगम ने उत्तरी बिहार मे जमशेदपुर के स्थान पर प्रति वर्ष 28,500 टन क्षमता से उच्च कार्बन इस्पात बिल्टों का निर्माण करने के लिए एक परियोजना को 60 00 लाख रुपये की सहायता मंजूर की, परियोजना की कुल लागत 2.83 करोड़ रुपये होगी।

निगम ने नरम तथा लोचदार इस्पात सिल्लियां बनाने के लिए चार परियोजनाओं को वित्तीय सहायता का अनुमोदन किया।

देश में इस्पात सिल्लयों, बिल्टों की भारी कमी के कारण अधिकतर पुनर्रोलिंग मिल पूर्ण क्षमता का उपयोग नहीं कर सके हैं। पत्तियों पर आधारित इस्पात भट्टियों के लग जाने से इस्पात सिल्लियों तथा बिल्टों की कमी मे कुछ राहत मिलने की आशा है।

निगम ने ग्राहम फर्थ स्टील प्रोडक्ट्स (इण्डिया) लि० को इसकी वर्तमान 3,600 टन वार्षिक क्षमता को दुगुना करने के लिए विस्तार योजना के कुछ हिस्सों के व्यय को पूरा करने के लिए भी वित्तीय सहायता मंजूर की, ये इस्पात पत्तियां निर्यात महत्व के विभिन्न उद्योगों के लिए कच्चे माल का काम करती हैं।

लोहा तथा इस्पात उद्योग (फाउंडरियों सहित) की 41 परियोजनाओं को अब तक निगम की कुल सहायता 25.63 करोड़ रुपये है।

धातु उत्पाद

9. निगम ने धातु उत्पादों का निर्माण करने वाली पांच परियोजनाओ की 212.65 लाख रुपये की सहायता मंजूर की है। 30 जून, 1973 तक इस क्षेत्र की 26 परियोजनाओं को कुल सचग्री मंजूरिया 8.21 करोड़ रुपये हो गई।

निगम ने एक परियोजना को दोहरी सिफ्ट के आधार पर प्रति वर्ष 2,400 टन की विस्थापित क्षमता से उच्च टेन्सिल बोल्ट तथा नट, शेल्फटेपिंग स्क्रू तथा राइवेट बनाने के लिए वित्तीय सहायता मंजूर की। यह परियोजना उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद के समीप लगाई जा रही है। परियोजना की लागत 2.00 करोड़ रुपये होगी, जिसमें निगम की सहायता 70.76 लाख रुपये के बराबर होगी।

निगम ने दो परियोजनाओं को इस्पात तारें बनाने के लिए भी 120.00 लाख रुपये की सहायता मजूर की। इन्डस्ट्रियल केब्लस (इण्डिया) लि० द्वारा प्रवर्तित एक परियोजना हरियाणा के कम विकसित जिले जींद मे लगाई जायेगी, जो प्रति वर्ष 12,000 टन की विस्थापित क्षमता के इस्पात के रस्सों का निर्माण करेगी। अन्य परियोजना, ब्राइट वायर्स लि०, पश्चिमी बंगाल के जिला

24 परगना में स्थापित की जायेगी और प्रतिवर्ष 23,100 टन नरम इस्पात (जस्तीकृत) और उच्च कार्बन इस्पात तारों का निर्माण करेगी।

कलकत्ता में डम-डम के स्थान पर 138 टन वार्षिक की क्षमता से कतरन ब्लेड तथा औद्योगिक चाकू बनाने के लिये एक अन्य परियोजना बनाई जा रही है। टेम्पर्ड टूल्ज लि०, शेफिल्ड, संयुक्त राज्य (यू० के०) की तकनीकी सहायता से लगाई जाने वाली यह परियोजना इस्पात संयंत्रों और कागज उद्योग की आवश्यकताओं को पूरी करने में सहायता करेगी।

इस क्षेत्र की एक अन्य परियोजना को पुनर्स्थापन योजना के लिए सहायता मंजूर की गई है।

मशीनरी तथा उपस्कर

10. निगम ने मशीनरी तथा उपस्करों का निर्माण करने वाली 5 परियोजनाओं को 87.53 लाख रुपये की सहायता का अनुमोदन किया। इस सहायता को मिलाकर निगम की इस उद्योग की 50 परियोजनाओं को कुल मंजूर सहायता 23.93 करोड़ रुपये हो गई है।

इसी उद्योग की दो वर्तमान कम्पनियों को अपनी क्षमता तथा उत्पादन बढ़ाने के लिए कुछ यंत्रों के निर्यात हेतु मामूली विदेशी मुद्रा ऋण मंजूर किये गये।

नये तथा छोटे व्यवसायिकों द्वारा प्रवर्तित, वेल्कास्ट स्टील्स लि० को प्रति वर्ष 4,500 टन ढले हुए अधातु इस्पात ग्राइंडिंग बाल बनाने के लिए अधातु इस्पात फाउंडरी लगाने हेतु सहायता मंजूर की गई। इनकी आवश्यकता वाले मिलों वाले सीमेंट उद्योग, थर्मल पावर स्टेशनों, धातु पिसाई इकाइयों, आदि को पड़ेगी।

आटोमोबाइल कलपुर्जे तथा उपस्कर

11. आटोमोबाइल सहायक उद्योग की चार परियोजनाओं को 97.75 लाख रुपये की सहायता प्राप्त हुई। अब तक इस उद्योग की 30 परियोजनाओं को 15.16 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की जा चुकी है।

भारत गियर्स लि० को तीन सिफ्टों के आधार पर प्रति वर्ष 1,000 टन की विस्थापित क्षमता से आटोमोबाइल गियरों का निर्माण करने के लिए 92.94 लाख रुपये मंजूर किये। परियोजना पूर्णतः स्वदेशी जानकारी पर आधारित होगी तथा विदेशी तकनीकी जानकारी के बिना स्थापित की जाने वाली यह पहली संकलित परियोजना होगी। यह परियोजना आयात प्रतिस्थापन के द्वारा बहुमूल्य विदेशी मुद्रा बचाने में मदद करेगी।

बिजली उपस्कर

12. निगम ने बिजली उपस्कर उद्योग में दो परियोजनाओं को 83.34 लाख रुपये की सहायता मंजूर की, इस सहायता को मिला कर बिजली मशीनरी तथा उपस्कर उद्योग की 34 परियोजनाओं को मंजूर सहायता 12.02 करोड़ रुपये हो गई।

वित्तपोषित संस्था, सालवानियां एण्ड लक्ष्मण लि० को जी० एल० एस० लैम्पों, कोयलों, लीड-वायर की उत्पादन क्षमता में विस्तार करने तथा आटो लैम्पों की श्रेणी में उत्पादन/विशाखन के लिए 80.84 लाख रुपये की सहायता मंजूर की गई है। परियोजना की लागत 3.44 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इस परियोजना से जी० एल० एस० लैम्पों की कमी में राहत मिलने की आशा है।

होटल

13. निगम ने देश में चार नये होटल लगाने के लिए 49.50 लाख रुपये की सहायता मंजूर की है। इन परियोजनाओं की लागत 6.69 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इससे इस उद्योग की 9 परियोजनाओं को निगम की सहायता 4.04 करोड़ रुपये हो गई है।

स्थापित किये जाने वाले इन चार होटलों में से एक पांच स्टार होटल होगा, जो मद्रास में बनाया जायेगा, दो चार स्टार होटलों में से एक आगरा तथा दूसरा आन्ध्र प्रदेश में विशाखापटनम् में बनाया जायेगा। चौथा होटल महाराष्ट्र के औरंगाबाद नामक स्थान पर बनाया जायेगा। ये होटल पर्यटन के विकास में सहायक सिद्ध होंगे तथा इस प्रकार देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा कमा सकेंगे।

चीनी उद्योग

14. पहले की भांति निगम की सहायता का अधिकतर भाग चीनी उद्योग को ही प्राप्त हुआ। निगम ने चीनी उद्योग की 21 परियोजनाओं को 19.92 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की। इनमें से 9 परियोजनायें कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में लगाई गई।

अब तक चीनी उद्योग की 108 परियोजनाओं को निगम द्वारा मंजूर सहायता 99.73 करोड़ रुपये हो गई है।

वर्ष के दौरान, सहकारी क्षेत्र की 15 परियोजनाओं को 15.92 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। इस सहायता का उपयोग 8 नई परियोजनायें लगाने तथा चार परियोजनाओं के विस्तार के लिये किया गया। 3 अन्य परियोजनाओं के मामले में परियोजना लागत मे अति व्यय को पूरा करने के लिए सहायता दी गई। सहकारी क्षेत्र की 15 परियोजनाओं में से 6 परियोजनाओं को अधिसूचित कम विकसित जिलों मे लगाये जाने के कारण सहायता रियायती शर्तों पर मंजूर की गई जो कि इन क्षेत्रों की परियोजनाओं को प्राप्त होती है।

वर्ष के दौरान निगमित क्षेत्र की 6 चीनी परियोजनाओं को भी सहायता दी गई। इनमें से दो सरकारी क्षेत्र मे तथा एक संयुक्त क्षेत्र मे लगेगी। इन सरकारी क्षेत्र की दो परियोजनाओं में से एक नागालैण्ड में स्थापित की जा रही है और उस राज्य को यह पहली परियोजना है जिसे निगम की सहायता मिली है।

सूती वस्त्र

15. सूती वस्त्र उद्योग की 7 परियोजनाओ को 374.03 लाख रुपये की सहायता मजूर की गई।

अब तक इस उद्योग की 97 परियोजनाओ को कुल 45.74 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई।

निगम ने सहकारी क्षेत्र में अकोला सहकारी सूत गिरनी लि० को 20,240 पूरक तकुओ वाला कताई मिल लगाने के लिए 100.00 लाख रुपये की सहायता मंजूर की। इस परियोजना लागत का अनुमान 2 करोड़ रुपये होने का है। सूती वस्त्र उद्योग की तीन अन्य परियोजनाओं को अपनी वर्तमान क्षमता बढ़ाने के लिये 190.00 लाख रुपये की सहायता मंजूर की गई, ये तीनो परियोजनायें अधिसूचित कम विकसित जिलों में स्थापित की गई हैं तथा इन्हें रियायती शर्तों पर विस्त मंजूर किया गया।

राजस्थान के अधिसूचित कम विकसित जिले भीलवाड़ा में कृत्रिम धागे का निर्माण करने के लिए अन्य इकाई लगाई जा रही है। प्रारम्भ में इसमे 8,640 पूरक तकुए होंगे जो बाद में 25,000 तकुओं तथा 300 खड्डियों वाली संकलित इकाई का भाग बन जायेंगे।

एक और अन्य सूती वस्त्र मिल को कुछ संतुलन उपस्कर तथा मशीनरी के प्रतिस्थापन के लिये आस्थगित अवायगी गारंटी के रूप मे 28 72 लाख रुपये मंजूर किए गये।

पटसन

16. निगम ने अपनी उदार ऋण योजना के अधीन पटसन उद्योग की तीन परियोजनाओं को 225.00 लाख रुपये की सहायता मंजूर की, इनकी कुल लागत 4.03 करोड़ रुपये है। पटसन उद्योग की 13 परियोजनाओ को उदार ऋण योजना के अधीन 6.14 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

अन्य परियोजनायें

17. निगम ने विभिन्न उद्योगों, जैसे, विविध रसायन, बिजली उत्पादन, संभरण तथा वितरण, खनन, विविध पैट्रोलियम उत्पाद, विवध अधातु खनिज उत्पाद, विविध निर्माण उद्योग और कृत्रिम रेशे तथा रेजिन्स का निर्माण करने वाली 12 परियोजनाओ को भी 391.17 लाख रुपये की सहायता मंजूर की।

मैसूर राज्य औद्योगिक निवेश एवं विकास निगम द्वारा प्रवर्तित परियोजना चित्रदुर्गा कापर कम्पनी लि० को खाबां खानों का विकास करने तथा प्रतिदिन 20 टन 22-25 प्रतिशत तांबा दाना पैदा करने के लिए 250 टन दैनिक विस्थापित क्षमता वाले तांबा धातु का अभिसंस्कार करने के लिए संयंत्र लगाने हेतु 100.00 लाख रुपये की सहायता मंजूर की गई। इस परियोजना की लागत 2.14 करोड़ रुपये होगी।

निगम ने मद्रास में मनाली के स्थान पर प्रतिवर्ष 300 लाख पौण्ड (13,612 टन) की क्षमता से कार्बन ब्लैक बनाने के लिए कोलम्बियन कार्बन (इण्डिया) लि० को सहायता मंजूर की, परियोजना की लागत 4.85 करोड़ रुपये होगी और इसे इण्डिया सीरीज सर्विसेज ईंक, न्यूयार्क की तकनीकी तथा वित्तीय सहायता से स्थापित किया गया है। इस परियोजना के उत्पाद से रबर उद्योग के लिए उपयोग मे आने वाले कार्बन ब्लैक के आयात को कम करने में मदद मिलेगी।

ओरियंट एब्रेसिव्ज लि० को प्रति वर्ष 4,500 टन लाइसेंस क्षमता से अलमोनियम आक्साइड एब्रेसिव्ज ग्रेन्स बनाने के लिए 70,000 लाख रुपये मंजूर किए। यह परियोजना चेकोस्लोवाकिया के सहयोग से लगाई जा रही है। परियोजना 2.30 करोड रुपये की लागत से गुजरात के अधिसूचित कम विकसित जिले जूनागढ़ में लगाई जायेगी।

सहायता के लिए आवेदन

18. वर्ष के दौरान 103 संस्थाओं से सहायता के लिये आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 51 आवेदन पत्र ऐसे थे जिनमें अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के साथ मिलकर संयुक्त रूप से वित्त व्यवस्था की जानी थी। वर्ष के दौरान आवेदन पत्रों का सुविधावार ब्यौरा नीचे दिया गया है।

(रुपये, करोड़ों में)

सुविधा	
ऋण	
—रुपया	89.68
—विदेशी मुद्रा	14.52
—हामीदारियाँ	24.37
आस्थगित अदायगी गारंटियाँ	0.43
	129.00

19. वर्ष के प्रारंभ में 36.45 करोड़ रुपये के लिये 21 संस्थाओं के आवेदन पत्र निगम के पास विचाराधीन थे, इनकी वित्त व्यवस्था अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के साथ मिलकर संयुक्त रूप से की जानी थी। इसके अतिरिक्त निगम से सहायता प्राप्त करने के लिये 12 संस्थाओं के 9.43 करोड़ रुपये के आवेदन पत्र निगम के पास परीक्षाधीन थे।

20. वर्ष के दौरान 90 संस्थाओं को सहायता मंजूर की गई, इनमें में 48 मामलों में वित्त व्यवस्था संयुक्त रूप से की गई तथा शेष 42 मामलों में निगम ने वित्त व्यवस्था की।

वर्ष के दौरान 7 संस्थाओं से आवेदन पत्र वापिस लिये मान लिये गये इनमें से एक मामला ऐसा भी था जिसमें सयुक्त रूप से वित्त व्यवस्था की जानी थी।

21. वर्ष के अन्त में 23 संस्थाओं से 56.29 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता के लिये आवेदन जांच की विभिन्न अवस्थाओं में थे इन मामलों में अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के साथ मिलकर वित्त व्यवस्था की जानी थी। इसके अतिरिक्त निगम से 10.40 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त करने के लिये 15 संस्थाओं के आवेदन विचाराधीन थे। वर्ष के अन्त में कुल मिलाकर 38 संस्थाओं से 66.69 करोड़ रुपये की सहायता के लिए आवेदनों का निपटान दर्शाया गया है।

वर्ष के दौरान मंजूर वित्तीय सहायता की कुछ उल्लेखनीय बातें

23. 48 नई परियोजनाओं को 27.92 करोड़ रुपये (कुल सहायता का 60.5 प्रतिशत) की सहायता मंजूर की गई, शेष 18.23 करोड़ रुपये की सहायता वर्तमान उपक्रमों के विस्तार, विशाखन तथा आधुनिकीकरण के लिए दी गई।

24. अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों की 30 परियोजनाओं को 20.36 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की गई। इन परियोजनाओं की कुल प्राक्कलित लागत 70.09 करोड़ रुपये थी जो मंजूर सहायता का 28.6 % है।

25. नये उद्यमकर्त्ताओं तथा व्यावसायिकों द्वारा लगाई गई 9 परियोजानाओं को 8.41 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई।

26. 9.70 करोड़ रुपये की लागत वाली संयुक्त क्षेत्र की परियोजनाओं को 1.40 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई।

27. निगम ने 15 चीनी तथा 2 सूती वस्त्र सहकारिताओ को 18.07 करोड़ रुपये की निवल वित्तीय सहायता मंजूर की।

28. निगम ने सरकारी क्षेत्र के 3 उपक्रमों को भी 2.85 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की है।

ब्याज की दर

29. इस वर्ष के दौरान ब्याज दर मे कोई परिवर्तन नहीं हुआ। रुपया ऋणों पर यह 8½% वार्षिक तथा विदेशी मुद्रा में उप-ऋणों पर 9% वार्षिक रही। रिपोर्ट में अन्य स्थान पर उल्लिखित शर्तों के अधीन अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों की परियोजनाओं पर यह दर 7% वार्षिक रही।

वर्ष के अन्त में निगम ने अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के समान तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के पूर्व अनुमोदन से रूपया ऋणों तथा विदेशी मुद्रा उप-ऋणों पर ब्याज दर में ½% वार्षिक की वृद्धि की है। फिर, भी, यह वृद्धि पुराने ऋणों पर लागू नहीं होगी।

ये परिशोधित ब्याज दरें 12 जुलाई, 1973 से लागू हो गई हैं। ये ब्याज दरें, उस तारीख तथा उस तारीख के बाद मंजूर किए जाने वाले रुपया ऋणों तथा विदेशी मुद्रा उप-ऋणों पर लागू होंगी तथा उन ऋणों पर भी लागू होंगी जो उस तारीख के पहले मंजूर किए गये थे लेकिन उनके ऋण करार 12 जुलाई, 1973 से पहले अनुबंधित नहीं हुए।

वित्तीय सहायता का उद्योगवार वितरण

30. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान मजूर की गई वित्तीय सहायता तथा संवितरणों का उद्योगवार वितरण नीचे सारणी में दिया गया है । रिपोर्ट में उद्योगवार सांख्यिकी आँकड़े राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण, 1970 के अनुसार दिये गये हैं ।

सारणी—1

(रुपये, लाखो में)

उद्योग	ऋण	हामीदारियाँ तथा प्रत्यक्ष अभिदान	गारंटियाँ	जोड	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	संवितरण
चीनी							
—सहकारी क्षेत्र	1592.00	—	—	1592.00	34.5	15	949.50
—निगमित क्षेत्र	385.00	15.00	—	400.00	8.7	6	—
	1977.00	15.00	—	1992.00	43.2	21	949.50
—वस्त्र							
—सहकारी क्षेत्र	215.00	—	—	215.00	4.7	2	78.00
—निगमित क्षेत्र	130.31	—	28.72	159.03	3.4	5	131.92
	345.31	—	28.72	374.03	8.1	7	209.92
कागज	345.48	10.28	—	355.76	7.7	8	159.95
पटसन	225.00	—	—	225.00	4.9	3	38.52
सीमेंट	205.00	10.00	—	215.00	4.6	4	24.00
धातु उत्पाद	169.89	6.98	35.78	212.65	4.6	5	54.19
लोहा तथा इस्पात	149.67	40.00	—	189.67	4.1	6	348.30
रबर उत्पाद	120.78	2.00	—	122.78	2.7	2	165.99
खान	100.00	—	—	100.00	2.2	1	—
परिवहन उपस्कर	79.75	18.00	—	97.75	2.1	4	96.24
काँच	78.98	10.00	—	88.98	1.9	3	41.73
मशीनरी	84.53	3.00	—	87.53	1.9	5	142.42
मूल औद्योगिक रसायन	64.76	20.00	—	84.76	1.8	3	111.14
बिजली मशीनरी तथा उपस्कर	65.84	17.50	—	83.34	1.8	2	59.56
बिजली जनन, संचरण तथा वितरण	50.00	25.00	—	75.00	1.6	3	—
विविध पैट्रोलियम उत्पाद	50.00	20.00	—	70.00	1.5	1	—
विविध अधातु खनिज उत्पाद	100.00	15.00	—	115.00	2.5	2	—
कृत्रिम रेशे तथा रेसिन्ज	51.17	—	—	51.17	1.1	3	299.08
होटल	30.00	19.50	—	49.50	1.1	4	0.74
विधि रसायन उत्पाद	23.00	2.00	—	25.00	0.6	3	29.00
उर्वरक	—	—	—	—	—	—	337.94
अलोह धातुएं	—	—	—	—	—	—	204.87
अखाद्य तेल	—	—	—	—	—	—	12.65
नौपरिवहन	—	—	—	—	—	—	4.82
अन्य	—	—	—	—	—	—	4.25
जोड	4316.16	234.26	64.50	4614.92	100.0	90	3294.81

वित्तीय सहायता का राज्यवार वितरण

31. इस वर्ष के दौरान निगम द्वारा मंजूर की गई वित्तीय सहायता तथा संवितरणों का राज्यवार वितरण नीचे सारणी 2 में दिया गया है।

सारणी—2

(रुपये, लाखों में)

राज्य/क्षेत्र	ऋण			हामीदारियाँ तथा प्रत्यक्ष अभिदान	गारंटियाँ	जोड़	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	संवितरण
	सहकारी क्षेत्र	निगमित क्षेत्र	जोड़						
महाराष्ट्र	1347.00	214.10	1561.10	61.00	—	1622.10	35.15	19(10)	972.01
उत्तर प्रदेश	125.00	314.50	439.50	27.98	31.28	498.76	10.81	11(2)	298.17
मैसूर	50.00	407.06	457.06	38.00	—	495.06	10.73	10(1)	168.32
तमिलनाडु	—	263.03	263.03	37.50	4.50	305.03	6.61	7	576.15
आन्ध्र प्रदेश	—	247.36	247.36	3.28	—	259.64	5.43	7	102.74
गोआ	150.00	100.00	250.00	—	—	250.00	5.42	2(1)	75.00
गुजरात	90.00	104.78	194.78	25.00	—	219.78	4.76	3(1)	298.86
पश्चिमी बंगाल	—	197.05	197.05	7.50	—	204.55	4.43	12	120.48
उड़ीसा	30.00	122.94	152.94	—	—	152.94	3.31	3(1)	83.06
हरियाणा	—	113.34	113.34	2.00	—	115.34	2.50	5	163.89
केरल	—	108.38	108.38	—	—	108.38	2.35	1	49.13
राजस्थान	15.00	55.00	70.00	—	28.72	98.72	2.14	3(1)	83.37
बिहार	—	70.78	70.78	12.00	—	82.78	1.79	2	189.77
दिल्ली	—	65.84	65.84	15.00	—	80.84	1.75	1	1.26
मध्य प्रदेश	—	75.00	75.00	—	—	75.00	1.63	2	6.66
नागालैंड	—	50.00	50.00	—	—	50.00	1.08	1	—
पंजाब	—	—	—	5.00	—	5.00	0.11	1	105.01
पांडीचेरी	—	—	—	—	—	—	—	—	0.93
जोड़	1807.00	2509.16	4316.16	234.26	64.50	4614.92	100.00	90(17)	3294.81

नोट : 1. कोष्टकों में दी गई संख्यायें सहकारी क्षेत्र की वित्तपोषित परियोजनाओं का सूचक हैं।

2. हामीदारियां, प्रत्यक्ष अभिदान तथा गारंटियों की संख्यायें निगमित क्षेत्र से सम्बन्धित हैं।

32. निगम की सहायता 15 राज्यों तथा 2 केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों में व्याप्त थी। औद्योगिक रूप से कम विकसित 7 प्रदेशों, अर्थात् आन्ध्र प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, नागालैंड, उड़ीसा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश तथा एक अधिसूचित कम विकासित केन्द्र प्रशासित क्षेत्र की परियोजनाओं को 14.59 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई जो कुल मंजूर वित्तीय सहायता का 31.6 प्रतिशत है।

महाराष्ट्र की परियोजनाओं को जो सहायता दी गई, उसमें से 13.47 करोड़ रुपये सहकारी क्षेत्र को प्राप्त हुए जो उस राज्य में मंजूर कुल सहायता का 83 प्रतिशत है।

33. इस वर्ष के दौरान प्रत्येक राज्य में जिन संस्थाओं को वित्तीय सहायता मंजूर की गई, उनके नाम और परियोजनाओं का विवरण परिशिष्ट 'क' में दिया गया है।

पहली जुलाई, 1948 से 30 जून, 1973 तक की अवधि में किए गए कुल कार्य

34. निगम ने 30 जून, 1973 तक 621 परियोजनाओं को 439.82 करोड़ रुपये की निवल वित्तीय सहायता मंजूर की। यह सहायता 565 संस्थाओं को मंजूर की गई, जिनकी सूची परिशिष्ट 'अ' में दी गई। संवितरणों की राशि 373.81 करोड़ रुपये थी जिसमें से नकद संवितरण 322.11 करोड़ रुपये हुआ। समीक्षाधीन वर्ष के अन्त में कुल बकाया राशि 216.09 करोड़

रुपये थी। नीचे की सारणी में 30 जून, 1973 की मंजूरियों की संख्या, निवल मंजूरियां, संवितरित तथा बकाया राशि दर्शायी गई है।

सारणी–3

(रुपये, करोड़ों में)

	मंजूरियां (निवल)		संवितरित सहायता	बकाया सहायता	
	संख्या	रकम	रकम	रकम	
1. ऋण					
—रुपया	792	300.87	253.34	156.33	
—विदेशी मुद्रा	198	49.87	42.73	28.82	
जोड़	990	350.74	296.07	185.15	
2. हामीदारियां					
—साधारण शेयर	176	14.82	8.56	6.42	
—अधिमान शेयर	135	8.73	6.26	4.11	
—डिबेंचर	25	10.23	8.41	4.31	
जोड़	336	33.78	23.23	14.84	
3. प्रत्यक्ष अभिदान					
—साधारण शेयर	21	1.06	0.86	1.65	(क)
—अधिमान शेयर	6	0.25	0.13	0.67	
—डिबेंचर	1	1.82	1.82	1.27	
जोड़	28	3.13	2.81	3.59	
1 से 3 तक का जोड़	1354	387.65	322.11	203.58	
4. गारंटियां					
—आस्थगित अदागी के लिए	44	28.84	28.37	5.19	(ख)
—विदेशी ऋणों के लिए	5	23.33	23.33	7.32	
जोड	49	52.17	51.70	12.51	
कुल जोड़	1403	439.82	373.81	216.09	

(क) इसमें 6 कम्पनियो के 1 03 करोड रुपये के बकाया ऋण भी सम्मिलित है, जिन्हें शेयरों में बदल दिया गया और एक दूसरी कम्पनी के 0.06 करोड़ रुपये के डिबेंचर भी सम्मिलित हैं, जिन्हें साधारण शेयरो में बदल दिया गया।

(ख) वास्तव में जारी की गई गारंटियां।

पहली जुलाई, 1948 से 30 जून, 1973 तक की अवधि में प्रत्येक वर्ष मंजूर और संवितरित की गई निवल वित्तीय सहायता

35. पिछले पच्चीस वर्षों की अवधि में निगम ने प्रत्येक वर्ष जो कुल निवल वित्तीय सहायता मंजूर और संवितरित की है उसका पंचवर्षीय योजनाओं के अनुसार किया गया वर्गीकरण निम्न सारणी में दिया गया है।

सारणी—4

(रुपये, करोड़ों में)

30 जून को समाप्त हुआ वर्ष	वर्ष के दौरान मंजूर की गई निवल वित्तीय सहायता				इस वर्ष के दौरान संवितरित रकम			
	ऋण	हामीदारियां	गारंटियां	जोड़	ऋण	हामीदारियां	गारंटियां	जोड़
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
पहली पंचवर्षीय योजना से पहले की अवधि								
1949	3.25	—	—	3.25	1.33	—	—	1.33
1950	2.90	—	—	2.90	2.08	—	—	2.08
1951	1.98	—	—	1.98	2.38	—	—	2.38
जोड़	8.13	—	—	8.13	5.79	—	—	5.79
पहली पंचवर्षीय योजना की अवधि								
1952	3.20	—	—	3.20	1.78	—	—	1.78
1953	0.53	—	—	0.53	2.50	—	—	2.50
1954	4.10	—	—	4.10	2.82	—	—	2.82
1955	5.13	—	—	5.13	1.64	—	—	1.64
1956	140.6	—	—	14.06	2.20	—	—	2.20
जोड़	27.02	—	—	27.02	10.94	—	—	10.94
दूसरी पंचवर्षीय योजना की अवधि								
1957	9.15	—	—	9.15	9.78	—	—	9.78
1958	5.93	0.75	1.82	8.50	8.33	—	—	8.33
1959	2.77	0.87	0.27	3.91	7.48	0.66	—	8.14
1960	12.62	0.10	6.06	18.78	8.41	0.17	2.09	10.67
1961	18.58	1.84	8.15	28.57	6.62	0.48	13.02	20.12
जोड़	49.05	3.56	16.30	68.91	40.62	1.31	15.11	57.04
तीसरी पंचवर्षीय योजना की अवधि								
1962	17.84	0.73	0.48	19.05	10.92	0.24	0.41	11.57
1963	19.82	4.63	10.62	35.07	15.05	3.99	3.18	22.22
1964	23.61	4.30	13 16	41.07	16.94	1.96	6.39	25.29
1965	19 39	3.55	3.92	26.86	19.79	3.36	14.65	37.85
1966	21.47	3 96	1.35	26.78	23.99	4.48	2.17	30.64
जोड़	102.13	17.17	29.53	148.83	86.69	14 03	26.80	127.52

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
वार्षिक योजनायें								
1967	12.34	1.87	4.00	18.21	29.52	2.90	5.64	38.06
1968	14.90	1.48	0.85	17.23	23.35	1.06	2.61	27.02
1969	22.71	2.42	0.29	25.42	15.03	1.68	0.28	16.99
जोड़	49.95	5.77	5.14	60.86	67.90	5.64	8.53	82.07
चौथी पंचवर्षीय योजना की अवधि								
1970	11.20	1.19	0.13	12.52	16.86	0.85	0.34	18.05
1971	26.51	2.20	0.42	29.13	16.28	0.87	0.20	17.35
1972	33.59	4.68	—	38.27	20.99	1.00	0.11	22.10
1973	43.16	2.34	0.65	46.15	30.00	2.34	0.61	32.95
जोड़	114.46	10.41	1.20	126.07	84.13	5.06	1.26	90.4
कुल जोड़	350.74	36.91*	52.17	439.82	296.07	26.04	51.70	373.81

*इनमें 3.13 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष अभिदान भी शामिल है।

टिप्पणी : सारणी में दिये गये आंकड़े पिछले वार्षिक रिपोर्टों में दिये गये आंकड़ों से मेल नहीं खाते क्योंकि इनमें से कुछ मंजूरियां बाद में या तो वापस ले ली गई या समंजित कर दी गई।

सहकारी क्षेत्र के उद्योगों को सहायता

36. निगम के कार्यों की उल्लेखनीय बात औद्योगिक सहकारिताओं और विशेषकर चीनी तथा सूती वस्त्र सहकारिताओं को काफी मात्रा में सहायता प्रदान करना रही है। यह संयोग की बात थी कि देश में पहली फसल सहकारिता को निगम ने 1949-50 में वित्तीय सहायता प्रदान की थी। तब से लेकर सहकारिताओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसमें कोई संदेह नहीं कि इनके विकास में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा प्रदान किया गया नेतृत्व तथा प्रेरणा और केन्द्रीय सरकार के प्रोत्साहन और पथ-प्रदर्शन ने योगदान दिया है, लेकिन निगम द्वारा भारी-मात्रा में दी गई सहायता का भी कम महत्व नहीं है।

निगम ने अपनी स्थापना से लेकर 30 जून, 1973 तक सहकारी क्षेत्र की 115 परियोजनाओं को 105.49 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की, जो निगम की कुल मंजूरियों का 24 प्रतिशत है। सहायता का अधिकतर भाग अर्थात 89.21 करोड़ रुपये 87 चीनी सहकारिताओं को प्राप्त हुआ, जबकि 24 सूती वस्त्र सहकारिताओं को 12.27 करोड़ रुपये मंजूर किये गये। एक पटसन सहकारिता (78.50 लाख रुपये), एक वनस्पति तेल निकालने वाली सहकारिता (22.50 लाख रुपये) और उर्वरक उद्योग की एक सहकारिता (3 करोड़ रुपये) को भी सहायता मंजूर की गई। कुल संवितरणों की राशि 84.30 करोड़ रुपये थी। 30 जून 1973 तक निगम से सहायता प्राप्त करने वाली सहकारिताओं में से 47 परियोजनायें औद्योगिक रूप से अधिसूचित कम विकसित जिलों में स्थित हैं। इन परियोजनाओं को कुल 42.85 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मंजर की गई।

37. 30 जून, 1973 तक निगम द्वारा वित्तपोषित औद्योगिक सहकारिताओं का राज्यवार तथा उद्योगवार वितरण सारणी-5 में नीचे दिया गया है।

सारणी –5

(रुपये, लाखों में)

राज्य	चीनी		सूती-कताई		अन्य		कुल मंजूरियां		कुल का प्रतिशत
	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	
आन्ध्र प्रदेश	6	585.00	3	110.00	–	—	9	695.00	6.6
असम	1	60·00	–	—	1*	78·50	2	138·50	1·3
बिहार	1	115.00	1	24.70	–	—	2	139.70	1.3
गुजरात	8	535.50	2	170.00	2@	300.00	12	1005.60	9.5
हरियाणा	2	106.00	–	—	–	—	2	106.00	1.0
केरल	2	180.00	–	—	–	—	2	180.00	7.1
मध्य प्रदेश	1	80.00	1	40.00	–	—	2	120.00	1.1
महाराष्ट्र	38	4844.20	10	536.50	–	—	48	5380.70	51.0
मैसूर	8	677.75	2	79.00	1**	22.50	11	779.25	7.4
उड़ीसा	2	205.00	1	31.00	–	—	3	236.00	2.2
पंजाब	4	315.00	–	—	–	—	4	315.00	3.0
राजस्थान	1	95.00	1	45.50	–	—	2	140.50	1.3
तमिलनाडु	7	583.00	1	35.00	–	—	8	618.00	5.9
उत्तर प्रदेश	5	390.00	2	155.00	–	—	7	545.00	5.3
गोआ	1	150.00	–	—	–	—	1	150.00	1.4
जोड़	87	8921.45	24	1226.70	4	401.00	115	10549·15	100.0

टिप्पणी—

*पटसन सहकारिता @दो इकाइयों वाली एक उर्वरक सहकारिता **वनस्पति तेल निकालने वाली सहकारिता

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

38. निगम द्वारा वित्तपोषित इन 87 नीची सहकारी परियोजनाओं की पूंजीगत लागत 186.12 करोड़ रुपये थी, इनमें से निगम ने 48% दीर्घकालीन ऋण के रूप में प्रदान किया। कृषि क्षेत्र की बचत को उत्पादन के लिए प्रयोग किए जाने का प्रमाण यह है कि 87 चीनी सहकारिताओं के लिए 31 मार्च, 1973 को उत्पादक सदस्यों ने शेयर पूंजी के रूप में 36.63 करोड़ रुपये दिये, जबकि अन्यों का योगदान (अर्थात, सहकारी संस्थाओं के अनुत्पादक सदस्यों और अन्य) 3.72 करोड़ रुपये रहा। इसके अतिरिक्त चीनी के उत्पादक सहकारी कारखानों ने 24.47 करोड़ रुपये एकत्र किए जो अप्रतिदेय जमा तथा उत्पादकों को गन्ने के मूल्य के रूप में देय है।

ग्रामीण पुनर्निर्माण तथा विकास के लिये औद्योगिक सहकारितायें एक प्रभावशाली साधन हैं। इन सहकारिताओं पर निगम की सहायता के आर्थिक तथा सामाजिक प्रभाव को इन सहकारिताओं द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था में लाये गये परिवर्तन से भलीभांति स्पष्ट किया जा सकता है। चीनी उद्योग रोजगार प्रधान है और भारी मात्रा में प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है।

इसके अतिरिक्त, चीनी सहकारितायें फैक्टरी संचालन क्षेत्र में समुदाय के आर्थिक तथा सामाजिक जीवन को अत्यधिक प्रभावित कर सकती हैं। समुदाय के आर्थिक विकास के लिये चीनी सहकारिताओं द्वारा किये गये बहुत से प्रयत्नों के उदाहरण मिलते है।

निगम की सहायता से बड़े पैमाने पर चीनी सहकारी फैक्टरियों के स्थापित किये जाने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्वस्थ प्रेरणा मिली है। चीनी सहकारिताओं की स्थापना ने, विशेषकर कम विकसित क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भाग अदा किया हैं।

निगमित क्षेत्र को सहायता

39. निगम ने अपनी स्थापना से लेकर आज तक निगमित क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों की 506 परियोजनाओं को 334.33 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है ।

40. इस सहायता का उद्योगवार वितरण नीचे सारणी में दिया गया है ।

सारणी–6

(रुपये, लाखों में)

उद्योग	परियोजनाओं की संख्या	ऋण	हामीदारियां तथा प्रत्यक्ष अभिदान	गारंटियां	जोड़	कुल का प्रतिशत
रसायन और रसायन उद्योग						
–उवरक	11	1121.36	395.93	1278.86	2796.15	8.4
–मूल रसायन	23	1891.34	144.25	431.36	2466.95	7.4
–कृत्रिम रेशे तथा रेसिन्ज	24	1633.41	204.25	42.35	1880.01	5.6
–अन्य रसायन तथा रसायन उत्पादन	19	517.59	83.35	—	600.94	1.8
					7744.05	23.2
वस्त्र						
–सूती	73	2835.70	204.50	306.93	3347.13	10.00
–पटसन	13	614.31	—	—	614.31	1.8
					3961.44	11.8
अलौह धातुए	12	951.50	302.00	1945.65	3199.15	9.6
कागज	30	2125.16	180.35	551.16	2856.67	8.5
लोहा तथा इस्पात*	41	1959.73	499.85	103.26	2562.84	7.7
मशीनरी	50	2041.40	248.20	103.76	2393.36	7.2
सीमेंट	25	1805.16	215.89	18.54	2039.59	6.1
परिवहन उपस्कर	30	1293.15	196.00	26.95	1516.10	4.5
रबर उत्पाद	12	1132.67	79.00	265.61	1477.28	4.4
बिजली और मशीनरी उपस्कर	34	1067.29	134.74	—	1202.03	3.6
चीनी	21	987.94	64.00	—	1051.94	3.1
धातु उत्पाद	26	581.06	176.98	62.78	820.82	2.5
खान	7	380.00	350.00	—	730.00	2.2
विविध अधातु खनिज उत्पाद	15	568.33	53.00	—	621.33	1.9
कांच	13	415.90	30.00	—	445.90	1.3
होटल	9	298.12	26.50	79.03	403.65	1.2
अन्य	18	303.61	102.90	—	406.51	1.2
जोड़:	506	24524.73	3691.69	5216.24	33432.66	100.0

*फाउन्डरियों सहित

भारतीय आद्योगिक वित्त निगम

41. नीचे की सारणी में निगमित क्षेत्र को दी गई सहायता का राज्यवार वितरण दर्शाया गया है।

सारणी–7

(रुपये, लाखों में)

राज्य/क्षेत्र	परियोजनाओं की संख्या	ऋण	हामीदारियां तथा अप्रयक्ष अभिदान	गारंटियां	जोड़	कुल का प्रतिशत
तमिलनाडु	59	3282.46	582.88	1231.31	5096.65	15.2
महाराष्ट्र	89	3523.51	657.28	375.93	4556.72	13.6
पश्चिमी बंगाल	77	3247.59	225.00	532.13	4004.72	12.0
उत्तर प्रदेश	46	2584.06	300.23	353.59	3237.88	9.7
आन्ध्र प्रदेश	28	1082.76	186.10	925.82	2194.68	6.6
मसूर	37	1645.68	303.50	221.52	2170.70	6.5
गुजरात	35	1788.62	212.32	127.30	2128.24	6.4
बिहार	25	1512.22	275.00	329.75	2116.97	6.3
राजस्थान	12	780.22	22.50	786.07	1588.79	4.8
केरल	17	1114.46	29.50	172.47	1316.43	3.9
हरियाणा	30	1088.78	106.38	19.08	1214.24	3.6
उड़ीसा	13	983.67	85.00	—	1068.67	3.2
मध्य प्रदेश	14	638.90	226.25	39.82	904.97	2.7
असम	5	263.29	350.00	—	613.29	1.8
पंजाब	10	427.05	30.00	9.96	467.01	1.4
दिल्ली	3	253.46	24.75	83.33	361.54	1.1
गोआ	2	100.00	75.00	—	175.00	0.5
मेघालय	1	95.00	—	—	95.00	0.3
पांडिचेरी	1	52.00	—	8.16	60.16	0.2
नागालैंड	1	50.00	—	—	50.00	0.1
अन्डमान और निकोबार द्वीप समूह	1	11.00	—	—	11.00	0.1
जोड़	506	24524.73	3691.69	5216.24	33432.66	100.0

रुपया ऋण

42. निगमित क्षेत्र को रुपया ऋणों के रूप में 195.46 करोड़ रुपये की सहायता दी गई, जो इस क्षेत्र को दी गई कुल सहायता का 58.5 प्रतिशत है। रुपया ऋणों में 169.12 करोड़ रुपये का संवितरण किया गया है जो इस क्षेत्र को कुल नकद संवितरणों का 71.1 प्रतिशत है।

विदेशी मुद्रा ऋण

43. निगमित क्षेत्र को 49.79 करोड़ रुपये के विदेशी मुद्रा ऋण मंजूर किए गए, जब कि संवितरण 42.66 करोड़ रुपये हुआ।

30 जून, 1973 तक विदेशी मुद्रा ऋणों से संबंधित स्थिति नीचे की सारणी में दिखाई गई है ।

सारणी—8

मुद्रा	मंजूरियां			जारी किये गये साख/ वचन यंत्र		संवितरित रकम	
	उपकरणों की संख्या	विदेशी मुद्रा (दस लाखों में)	रुपये (लाखों में)	विदेशी मुद्रा (दस लाखों में)	रुपये (लाखों में)	विदेशी मुद्रा (दस लाखों में)	रुपये (लाखों में)
पश्चिमी जर्मन मार्क	129	119.67	2439.55	105.38	2146.76	100.64	2049.56
अमरीकी डालर	57	26.75	1963.27	26.75	1963.27	26.75	1963.27
फ्रांसीसी फ्रांक	11	13.01	177.92	12.56	171.61	12.68	173.45
पौंड स्टर्लिंग	20	2.09	398.36*	1.02	195.35	0.42	79.22
जोड़	217		4979.10		4476.99		4265.50

*इसमें भावी आबन्टनों के आधीन 19.56 लाख रुपये तीन उप-ऋण सम्मिलित हैं ।

हामीदारियां

44. निगम ने 30 जून, 1973 तक साधारण और अधिमान शेयरों तथा डिबेंचरों के लिये 336 आवेदन पत्रों पर 33.78 करोड़ रुपये की निवल राशि मंजूर की ।

30 जून, 1973 तक पूरे किये गये निर्गमों से सम्बन्धित स्थिति सारणी 9 में दिखाई गई है ।

सारणी—9

(रुपये लाखों में)

	हामीदारी की रकम	रकम जो निगम को देनी पड़ी	(3) से (2) का प्रतिशत
1	2	3	4
साधारण शेयर	1339.10	870.08	64.9
अधिमान शेयर	822.79	660.25	80.2
डिबेंचर	998.00	841.53	84.3
	3159.89	2371.86	74.6

प्रत्यक्ष अभिदान

45. निगम ने 28 निर्गम आवेदन पत्रों पर 312.23 लाख रुपये मंजूर किये । जिनमें 105.24 लाख रुपये के साधारण शेयर, 24.99 लाख रुपये के अधिमान शेयर तथा 182.00 लाख रुपये के डिबेंचर थे । इनमें से 8 निर्गमों के लिये निगम ने जो हामीदारी ली थी उनमें 26.37 लाख रुपये का प्रत्यक्ष अभिदान किया ।

आस्थगित अदायगी के लिये गारंटियां

46. 30 जून, 1973 तक 44 आवेदन पत्रों पर 28.84 करोड़ रुपये की आस्थगित अदायगी गारन्टियां दी गई । 30 जून, 1973 तक वास्तव में जारी की गई गारंटियों की कुल रकम 28.37 करोड़ रुपये थी ।

विदेशी वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त विदेशी मुद्रा ऋणों के लिए गारंटियां

47. निगम द्वारा 30 जून, 1973 तक 5 आवेदन पत्रों पर कुल 23.33 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा गारंटियां मंजूर तथा जारी की गई ।

30 जून, 1973 तक मंजूर की गई वित्तीय सहायता का प्रयोजनवार वितरण

48. 30 जून, 1973 तक मंजूर की गई वित्तीय सहायता का प्रयोजनवार वर्गीकरण तथा निगम द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं की कुल लागत का विवरण नीचे सारणी 10 में दिया गया है ।

सारणी–10

(रुपये, करोड़ों में)

उपक्रम का स्वरूप	परियोजनाओं की कुल लागत	मंजूर की गई निवल वित्तीय सहायता				प्रतिशत (6) से (2) का
		ऋण	हामीदारियां और प्रत्यक्ष अभिदान	गारंटियां	जोड़	
1	2	3	4	5	6	7
नये उपक्रम	1435.13	216.75	26.15	42.31	285.21	19.87
वर्तमान उपक्रम						
(1) उत्पादन की वर्तमान दिशाओं में विस्तार के लिये	555.90	104.66	7.88	6.93	119.47	21.49
(2) आधुनिकीकरण और पुनःस्थापन के लिये	123.41	17.64	2.36	0.86	20.86	16.90
(3) उत्पादन की नई दिशाओं में विशाखन के लिये	60.13	17.69	0.52	2.07	14.28	23.75
जोड़	2174.57	350.74	36.91	52.17	439.82	20.23

निगम ने नये उपक्रमों को 285.21 करोड़ रुपये की सहायता मन्जूर की, जो कुल सहायता का 64.8 प्रतिशत है और वर्तमान परियोजनाओं को उनके विस्तार, आधुनिकीकरण अथवा विशाखन के लिये 154.61 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है । जिन 621 परियोजनाओं को निगम ने सहायता दी है उनकी कुल लागत 2174.57 करोड़ रुपये है, समग्र साधनों का सूचक है जो इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिये जुटाया गया है ।

30 जून, 1973 तक मन्जूर की गई निवल वित्तीय सहायता का राज्यवार और उद्योगवार वितरण इस रिपोर्ट में क्रमशः 'ख' और 'ग' परिशिष्टों में दिया गया है। प्रत्येक राज्य में मन्जूर की गई निवल वित्तीय सहायता का उद्योगवार वितरण परिशिष्ट 'ङ' में दिया गया है । परिशिष्ट 'छ' में प्रत्येक औद्योगिक संस्था को मन्जूर की गई राशि के अनुसार उनकी निवल सहायता का वर्गीकरण किया गया है ।

निगम के प्रवर्तन कार्य

49. 1948 में अपनी स्थापना से लेकर भारतीय औद्योगिक वित्त निगम कम विकसित प्रांतों/क्षेत्रों के औद्योगिक विकास के लिये पर्याप्त रुचि लेता रहा है ताकि इन क्षेत्रों का अधिक सन्तुलित विकास हो सके । भारत सरकार ने देश से प्रादेशिक असन्तुलन को कम करने में निगम के महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार करते हुए सर्वप्रथम अगस्त, 1948 में एक नीति निदेश जारी किया जिसका उद्देश्य था कि जहां तक व्यावहारिक हो सके, निगम ऐसे क्षेत्रों के औद्योगिक विकास में सहायता प्रदान करे ताकि ये क्षेत्र अधिक सन्तुलित विकास प्राप्त कर सकें । उपर्युक्त निदेश को पूरा करने के लिय निगम को अपने चार्टर की शर्तों के अधीन कार्य करना होता है । औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम के खण्ड (6) (2) के अनुसार बोर्ड अपने कृत्यों के निर्वहन में उद्योग, वाणिज्य और जनसाधारण के हितों का सम्यक् ध्यान रखते हुए कारोबार के सिद्धांतों के अनुसार कार्य करेगा, दूसरे शब्दों में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को कम विकसित क्षेत्रों में स्थापित की जाने वाली परियोजनाओं को सहायता प्रदान करने तथा परियोजना व्यवहार्यता के बीच उचित सन्तुलन स्थापित करना होता है भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अपने चार्टर की शर्तों तथा सरकारी नीतियों के अनुरूप अपने कार्यों में कम विकसित प्रांतों अथवा क्षेत्रों के उद्योगीकरण को उचित महत्व प्रदान कर रहा है। निगम के कार्यों में इसकी स्पष्ट झलक देखी जा सकती है ।

50. 30 जून, 1973 तक 621 औद्योगिक परियोजनाओं को 439.82 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता का लगभग 28.6 प्रतिशत भाग, अर्थात् 125.88 करोड़ रुपये कम विकसित क्षेत्रों की 177 परियोजनाओं को मन्जूर किये गये। इन औद्योगिक परियोजनाओं में से 47 परियोजनायें सहकारी क्षेत्र में थीं ।

51. पांडे समिति तथा वांचू समिति द्वारा राष्ट्र में व्याप्त प्रादेशिक असन्तुलन का उल्लेख किये जाने पर और इन क्षेत्रों के सन्तुलित विकास को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता को समझते हुए अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं को इन अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में लगाई जाने वाली परियोजनाओं के लिये रियायती वित्त प्रदान करने को कहा गया । 30 जून, 1973 तक केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों की समेकित सूची परिशिष्ट 'ज' में दी गई है । तदनुसार जुलाई, 1970 में निगम ने इन कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में लगाई जाने वाली नई परियोजनाओं के लिए एक योजना के अधीन काफी रियायतें प्रदान की। जनवरी, 1972 से इसी प्रकार की रियायतें विस्तार परियोजनाओं के लिये भी दी जाने लगी । सामान्यतः ये रियायतें 1.00 करोड़ रुपये से कम की लागत वाली परियोजनाओं को ही मिलती थी ।

इस योजना की मुख्य विशेषतायें इस प्रकार हैं : ब्याज दर में रियायत, ऋणों की अदायगी में प्रारम्भिक रियायत अवधि, प्रत्येक मामले के गुणावगुणों के आधार पर लम्बी परिशोधन अवधि, प्रतिभूति की कम सीमा, प्रवर्तकों का पूंजी लागत में कम योगदान तथा निगम द्वारा परियोजनाओं की साधारण और अधिमान पूंजी में अधिक सांझेदारी, निगम के सामान्य प्रभारों, जैसे, हामीदारी कमीशन, वचनबद्धता प्रभार, आवेदनों की जांच के लिये अप्रतिदेय शुल्क तथा विधिक प्रभारों में 50 प्रतिशत की कटौती ।

हाल ही में लिये गये एक निर्णय के अनुसार इन कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में स्थापित की जाने वाली नई परियोजनाओं के लिए ब्याज दर तथा वचनबद्धता प्रभार में दी जाने वाली रियायतें अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा कुल मिलाकर 2.00 करोड़ रुपये तक के रुपया ऋणों पर ही दी जायेंगी, चाहे परियोजना लागत कुछ भी हो । इस सीमा से अधिक के ऋण सामान्य शर्तों पर ही प्रदान किये जायेंगे । रियायती शर्तों पर दिया गया ऋण भागीदारी संस्थाओं में उन द्वारा मंजूर कुल रुपया ऋणों के अनुपात में बांटा जायेगा । निगम द्वारा दी गई ये सभी रियायतें, निगम द्वारा प्रदान 100 लाख रुपये के ऋण तक ही उपलब्ध हो सकेंगी और 100 लाख रुपये की सीमा से अधिक के ऋण निगम की सामान्य उधार दर पर ही प्रदान किये जायगे ।

हामीदारी कमीशन के बारे में 50 प्रतिशत की कटौती हामीदारी सहायता के एक करोड़ रुपये तक की सीमा तक ही लागू होगी ।

निगम ने रियायती वित्त की विशेष योजना के अधीन 30 जून, 1973 तक 26 परियोजनाओं को कुल 21.22 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की है ।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम विभिन्न प्रान्तों में किस सीमा तक परियोजनाओं को सहायता प्रदान कर सकता है, अन्ततः उद्यमकर्ताओं की तकनीकी तथा वित्तीय दृष्टि से व्यावहारिक योजनाओं पर निर्भर करता है, जो वे निगम के पास सहायता के लिए लाते हैं । अपनी ओर से निगम इन कम विकसित राज्यों/क्षेत्रों से प्राप्त आवेदन पत्रों पर शीघ्रता से सहानुभूतिपूर्ण विचार करता है ।

कम विकसित क्षेत्रों में औद्योगिक विकास तीव्र करने के लिये वित्तीय संस्थायें, वित्तीय तथा राजस्व प्रोत्साहनों की सीमाओं से भली प्रकार अवगत हैं । इन क्षेत्रों में नई परियोजनायें लगाने के लिये बहुत से अन्य महत्वपूर्ण तत्व हैं, जिन पर ध्यान देना अनिवार्य है । इनमें से कुछ तत्व इस प्रकार हैं । परियोजना विचारों का प्रत्यक्षीकरण, प्रारम्भिक व्यवहायता अध्ययन, प्रशासनिक तथा उद्यमी क्षमताओं पर शोध, विस्तृत परियोजना रिपोर्टों का तैयार करना, राष्ट्रीय दृष्टिकोण से परियोजनाओं का कटु मूल्यांकन, परियोजनाओं के लिये वित्तीय सहायता, परियोजनाओं के निर्माण तथा संचालन के समय प्रबन्धकीय तथा तकनीकी सहायता और अन्ततः कठिनाई में पड़ी हुई परियोजनाओं की पुनर्स्थापना के लिये विशेष ध्यान देना ।

52. भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाली अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के साथ मिलकर परियोजना प्रवर्तन के क्षेत्र में पहले से ही कुछ कदम उठाये हैं । जैसा कि संचालक बोर्ड की पिछली वार्षिक रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था, कम विकसित राज्यों/क्षेत्रों की औद्योगिक क्षमता सर्वेक्षण का कार्य प्रारम्भ किया गया । अभी तक, आन्ध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, गोआ, दमन और दिउ, (दादर तथा नागर हवेली सहित), जम्मू व कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, मनीपुर, नागालैंड, उड़ीसा, पांडीचेरी, चण्डीगढ़, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश तथा लक्षद्वीप (लकाद्वीप, मिनिकाय तथा अमीन द्वीप समूह) के सर्वेक्षण पूरे किये जा चुके हैं । इन सर्वेक्षणों में बहुत सी प्रत्याशी परियोजनाओं का उल्लेख किया गया है जिन्हें अल्पकाल में ही शुरू किया जा सकता है तथा जो औद्योगिक विकास की प्रक्रिया को तीव्र करने के लिये प्रारम्भिक प्रोत्साहन पैदा कर सकती हैं ।

ये सर्वेक्षण निदेश समिति की देखरेख में शुरू किये गये हैं । इस समिति में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम, भारतीय रिजर्व बैंक, कृषि पुनर्वित्त निगम तथा भारत सरकार के औद्योगिक विकास एवं आन्तरिक व्यापार मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित हैं ।

इन सर्वेक्षण रिपोर्टों पर इस उद्देश्य के लिये बुलाई गई बैठकों में विभिन्न राज्य सरकारों के साथ विचार विमर्श किया जाता है । इन बैठकों में सर्वेक्षण रिपोर्टों में उल्लिखित प्रत्याशी परियोजनाओं तथा उनको कार्यरूप देने से सम्बन्धित समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया है । इन प्रत्याशी परियोजनाओं को वास्तविकता प्रदान करने में अनुवर्ती कार्यवाही करने के लिये निगम विभिन्न राज्यों में अनौपचारिक संगठन के रूप में स्थापित अन्तर संस्थायी समूहों में भाग लेता रहा है । अन्तर संस्थायी दल इतना लोचदार है कि यह सम्बन्धित सरकार की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उद्यमकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान करने, तकनीकी सलाह सेवा संगठन स्थापित करने आदि, जैसे कार्य भी अपने हाथ में ले सकते हैं ।

53. दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाली वित्तीय संस्थाओं द्वारा हाथ में लिया गया अन्य महत्वपूर्ण कार्य औद्योगिक क्षमता सर्वेक्षण में उल्लिखित प्रत्याशी परियोजनाओं के लिये व्यावहार्यता रिपोर्ट तैयार करना है । इन रिपोर्टों के तैयार करने का उद्देश्य संभावी परियोजनाओं में इच्छुक निवेशकों को आकर्षित करना है । इन रिपोर्टों का व्यय दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाली अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा मिलकर उठाया जाता है ।

निदेश समिति ने अनुभव किया है कि यह अधिक उचित होगा यदि तीनों वित्तीय संस्थाओं में से प्रत्येक क्षेत्र विशेष में प्रवर्तन करने के लिये नेतृत्व करे । तदनुसार, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब तथा हरियाणा, हिमाचल प्रदेश तथा चंडीगढ़ व दिल्ली के केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों में नेतृत्व करने के लिये कहा गया ।

वित्तीय संस्थाओं ने संयुक्त रूप से केरल में केरल औद्योगिक तथा तकनीकी सलाह संगठन (किटको) नाम से एक सलाह संगठन की स्थापना की है । इस संगठन का उद्देश्य नई तथा वर्तमान परियोजनाओं के लिये निर्माण तथा संचालन के दौरान प्रवर्तकों को तकनीकी सलाह सेवायें प्रदान करना है । यह संगठन व्यावहार्यता, परियोजना तथा मार्केट रिपोर्टें तैयार करेगा तथा परियोजना संचालन के सभी क्षेत्रों में सलाह प्रदान करेगा । किटको की रूपरेखा के आधार पर ही वित्तीय संस्थाओं ने एक अन्य संगठन उत्तर पूर्वी खंड की सेवा करने के लिये उत्तर पूर्वी औद्योगिक तथा तकनीकी सलाह संगठन (नितको) की स्थापना की है । नितको असम, अरुणाचल, प्रदेश, मनीपुर, मेघालय, मिजोराम, नागालैंड तथा त्रिपुरा की आवश्यकताओं को पूरा करेगा ।

एक राज्य वित्त निगम के निवेदन पर निगम ने तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिये दो तकनीकी तथा एक वित्तीय अधिकारी की दो वर्ष के लिये प्रतिनियुक्ति पर भेजना स्वीकार कर लिया है ।

54. हाल ही में औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 के संशोधित होने से अन्य बातों के साथ दातव्य आरक्षित निधि की स्थापना करने के लिये एक धारा की व्यवस्था की गई है । आशा की जाती है कि इससे निगम के प्रवर्तन कार्यों में भारी वृद्धि होगी । निगम द्वारा इस निधि का उपयोग उचित सामाजिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये किया जायेगा, जैसे नये उद्यमकर्ताओं और व्यावसायिकों द्वारा प्रवर्तित परियोजनाओं के लिये व्यवहार्यता अध्ययन तथा रिपोर्टों का खर्च उठाना, कम विकसित क्षेत्रों में औद्योगिक विकास के लिये मार्केट तथा तकनीकी व आर्थिक सर्वेक्षण करना, नये उद्यमकर्ताओं तथा व्यावसायिकों द्वारा लगाई गई परियोजनाओं को सहायता देने के लिये निगम द्वारा मंजूर ऋणों की सामान्य ब्याज दर में आर्थिक सहायता देना, विकास बैंकिंग तथा वित्तीय और औद्योगिक प्रबन्ध के क्षेत्रों में शोध को प्रोत्साहन देने के लिये विश्वविद्यालयों में चेयरों आदि की स्थापना करना, वित्तीय संस्थाओं आदि के कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना आदि ।

नये उद्यमकर्त्ताओं और व्यावसायिकों को वित्तीय सहायता

55. निगम की नीति की उल्लेखनीय बात रही है कि नये उद्यमकर्ताओं तथा व्यावसायिकों को सक्षम तथा व्यावहारिक औद्योगिक परियोजनायें लगाने के लिये सहायता प्रदान करके उद्यम आधार को विस्तृत किया जाये । औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम के हाल ही में संशोधित हो जाने से मध्यम स्तर की परियोजनायें स्थापित करने वाले उद्यमकर्ता भी निगम से सहायता प्राप्त करने के लिये पात्र होंगे ।

56. वर्ष के दौरान निगम ने नये उद्यमकर्ताओं तथा व्यावसायिकों द्वारा स्थापित लगभग एक सौ से अधिक औद्योगिक परियोजनाओं को सहायता दी है । ये परियोजनायें, इंजीनियरिंग, वस्त्र, रसायन, चीनी, सीमेंट, कागज और कागज उत्पाद, रबर उत्पाद, कांच, होटल आदि उद्योगों से सम्बन्धित है । 13 राज्यों तथा एक केन्द्र प्रशासित क्षेत्र में नये उद्यमकर्ताओं तथा व्यावसायिकों द्वारा लगाई गई इन परियोजनाओं को निगम द्वारा मंजूर कुल सहायता का 10 प्रतिशत भाग प्राप्त हुआ ।

निगम एक सलाह सेवायें विभाग स्थापित करने जा रहा है जो विभाग अन्य कार्यों के साथ-साथ नये उद्यमकर्ताओं को परामर्श तथा पथ-प्रदर्शन प्रदान करेगा ।

सरकारी क्षेत्र के उप-क्रमों को सहायता

57. वर्ष के दौरान निगम ने सरकारी क्षेत्र के तीन उप-क्रमों को सहायता मंजूर की, इस सहायता के मंजूर हो जाने से इस क्षेत्र की 9 परियोजनाओं को निगम की कुल सहायता 9.77 करोड़ रुपए हो गई है ।

ताकि निगम कम्पनी अधिनियम, 1956 के अधीन प्राईवेट लिमिटड कम्पनियों के रूप में निगमित सरकारी क्षेत्र के उप-क्रमों को सहायता प्रदान कर सके, इस उद्देश्य के लिए हाल ही में औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम में संशोधन किया गया है, जिसकी व्यवस्था के अनुसार निगम भारत में प्राइवेट लिमिटेड कम्पनियों के रूप में निगमित औद्योगिक संस्थाओं को तो वित्त प्रदान कर सकता है ।

अन्तिम उपयोग तक देख-रेख तथा अनुवर्ती कार्यवाही

58. किसी भी अन्य विकास बैंक की भांति निगम ने भी ऋण मंजूर हो जाने के बाद अंतिम उपयोग तक उचित देखरेख तथा अनुवर्ती कार्रवाई करने के लिए कार्य-विधि की व्यवस्था की है । यह इस बात का पता लगाने के लिए अनिवार्य है कि ऋण करार में अनुबंधित शर्तों का पालन किया गया है या नहीं और परियोजना कार्यक्रम के अनुसार प्रगति कर रही है अथवा नहीं ।

दो वर्ष पहले तक अतिम उपयोग तथा अनुवर्ती कार्यवाही का दायित्व मूलत देश के चार महानगरो मे स्थित शाखा कार्यालयो पर था। वित्त-पोषित परियोजनाओ की सख्या बढने तथा इनके समग्र देश और यहा तक कि सुदुर ग्रामो मे व्याप्त होने से आवश्यक मात्रा मे अतिम उपयोग तक देख-रेख तथा अनुवर्ती कार्यवाही करना अधिक कठिन हो गया था। अत पिछले दो वर्षो मे निगम ने विभिन्न राज्यो मे दस और अधिक कार्यालय खोले है तथा निकट भविष्य मे तीन और कार्यालय खोले जाएगे। इन कार्यालयो मे आवश्यक तकनीकी तथा वित्तीय स्टाफ की व्यवस्था की गई है जो अब अधिक तेजी से फैक्टरी स्थल पर जाकर निरीक्षण कर सकेगे। अत . निगम के विभिन्न कार्यालय इस स्थिति मे है कि वे प्रधान कार्यालय से उचित निदेश प्राप्त करके वित्तपोषित सस्थाओ की अनुवती कार्रवाई कर सकते है।

अतिम उपयोग तक देखरेख तथा अनुवर्ती कार्रवाही के उद्देश्यो को सक्षेप्त मे नीचे दिया गया है —

(1) यह देखना तथा निश्चित करना कि सहायता का उपयोग उसी उद्देश्य के लिए किया गया है जिसके लिए यह मजूर की गई थी ;

(2) निर्माण अवस्था मे देखना है कि निर्माण की प्रगति कार्यक्रम के अनुसार चल रही है;

(3) इस बात का अनुमान लगाना कि परियोजना मूल प्राक्कलित पूजी लागत मे पूरी हो सकेगी, यदि नही, तो कितना अतिव्यय होने का अनुमान है ,

(4) उत्पादन प्रगति तथा कार्य परिणामो का अनुमान,

(5) प्रबन्धक वर्ग की कुशलता

(6) प्रगति रिपोर्टो तथा विवरणो को देने मे नियमितता

(7) किसी उद्योग विशेष की खास समस्याये।

कार्य विधिया

59 निगम द्वारा अनुवर्ती कार्यवाही करने के लिए निम्नलिखित पद्धति अपनाई गई है :

(1) निश्चित फार्मो मे नियमित रूप से अर्ध-वार्षिक रिपोर्टें तैयार करना ;

(2) थोडे थोड़े अन्तरालो के पश्चात् वित्तपोषित सस्थाओ के फैक्ट्री स्थल पर जाकर जाच करना तथा लेखा पुस्तकों की जाच पड़ताल ;

(3) वित्तपोषित सस्थाओ का वित्तीय स्थिति तथा कार्यपरिणामो से सबन्धित अर्ध-वार्षिक/वार्षिक सारणियो की जाच करना तथा ;

(4) उचित मामले मे, निगम के हित की देखभाल करने के लिए वित्तपोषित सस्थाओ के बोर्डो मे सरकारी/गैर सरकारी सदस्यो को नामित करना और किसी घटना की स्थिति मे समय-समय पर कम्पनी के प्रबन्ध तथा सचालन के बारे मे सूचना देना।

प्रगति-रिपोर्ट

60 निगम ने प्रत्येक उद्योग की विशेषताओ को ध्यान मे रखते हुए निर्माण तथा संचालन काल मे प्रगति रिपोर्टें देने के लिए विशेष फार्म बनाए है। ये फार्म निगम के अनुभव के आधार पर बनाए गए है। जिनसे पता चलता है कि किसी सस्था के निर्माणकाल मे उसके सामने आने वाली कठिनाइयो मे वित्त व्यवस्था, परियोजना को कार्य रूप देने मे देरी, प्रारम्भिक अनुमानो से लागत मे अति व्यय तथा प्रबन्ध की कमजोरियो जैसी सम-स्याए प्रमुख है। ये प्रगति रिपोर्टें निगम द्वारा सस्थाओ को उपचारक सलाह प्रदान करने के अतिरिक्त निगम को परियोजना की प्रगति तथा वित्तीय योजना के अनुरूप सवितरणो मे सहायता प्रदान करती है।

सामान्यत परियोजना के पूरा हो जाने के पश्चात् भी वित्तपोषित सस्थाओ को ऋण के पूरा अदा होने तक अर्ध-वार्षिक प्रगति रिपोर्टें देने को कहा जाता है।

इन प्रगति रिपोर्टों को नियमित रूप से प्राप्त करना तथा उन पर उचित अनुवर्ती कार्रवाई करना, निगम के विभिन्न कार्यालयो की जिम्मेवारी है। रिपोर्टो की जाच पड़ताल के पश्चात् यदि इनमे कुछ अनुचित अनियमितताये देखी जाती है तो सम्बन्धित कार्यालय निगम के प्रधान कार्यालय को सूचित करके वित्तीय सस्थाओ को भी सीधे अवगत करा देते है।

निरीक्षण

61 ऋण करार के बन्धक हो जाने की तारीख से लेकर जब तक ऋण का कोई भाग बकाया रहता है निगम के अधिकारी फैक्ट्री के घटनास्थल पर जाकर परियोजना के निर्माण तथा कार्य सचालन के बारे मे निरीक्षण करते है। वित्तपोषित सस्थाओ की लेखा पुस्तको का निरीक्षण भी किया जाता है। सामान्यत ये निरीक्षण निगम के वित्तीय तथा तकनीकी अधिकारियो के दल द्वारा किए जाता है। निरीक्षण के लिए आवश्यक विवरण तथा आकडे उपलब्ध कराने के लिए इन वित्तपोषित सस्थाओ को आमतौर पर प्रस्तावित जाच से पहले 10-15 दिन का समय दिया जाता है। निरीक्षण को सुविधाजनक बनाने के लिए वित्तपोषित सस्थाओ से परियोजना पर किए गए व्यय का ब्यौरा, निगम द्वारा सवितरित ऋणो का उपयोग, परियोजनाओ की प्रगति, सचालन तथा वित्तीय स्थिति के बारे मे ब्यौरा रखने को कहा जाता है। तकनीकी तथा वित्तीय जाच करने के समय निगम के अधिकारी ऋण प्राप्तकर्ता की फैक्ट्री स्थल पर जाते है और वहा पर सम्बन्धित रिकार्डों, लेखो तथा कार्यक्रमो, लागत अनुमानो, सयत्र की योजनाओ तथा मापदण्डो, आदि की जाच करते है। इन निरीक्षणो मे इस बात का जोर दिया जाता है कि कम्पनी के सम्बन्धित अधिकारियो से निजी रूप मे विचार विमर्श किया जाए और आवश्यकता पड़ने पर स्पष्टीकरण कर दिया जाये।

इसके अतिरिक्त निरीक्षण दल अपने आपको इस बात से भी आश्वस्त करता है कि निगम से लिए गए ऋण की मूल राशि अलग बैंक खाते मे रखी गई है तथा इसका उपयोग केवल उसी उद्देश्य के लिए किया जा रहा है जिसके लिए इसे मजूर किया गया है। ऋण के सवितरणो की

सभी राशियों से पहले तथा बाद में ऋणों के उपयोग से सम्बन्धित निरीक्षण किए जाते है और परियोजना को कार्यरूप देने से सम्बन्धित की गई प्रगति का भी निरीक्षण किया जाता है ।

जिन मामलों में अन्य वित्तीय संस्थाओं का भी सम्बन्ध होता है यदि नियत समय के पश्चात् निरीक्षण संयुक्त रूप से न किया जा सके तो एक दूसरे को अवगत करा दिया जाता है । आवश्यकतानुसार, विदेशी मुद्रा उपऋणों के मामलों में संबंधित विदेशी वित्तीय संस्थाओं को रिपोर्टें भेज दी जाती हैं ।

नियत समय पर प्रगति रिपोर्टें प्राप्त करने व निरीक्षण करने के अतिरिक्त वित्तीय संस्थाओं को लेखा-परीक्षित तुलन-पत्र तथा अंशधारियों की बैठकों की सूचनायें तथा कार्यवृत्त निगम को भेजने होते हैं । वित्तीय सारणियों का सावधानी से अध्ययन तथा विश्लेषण किया जाता है ताकि कम से कम पिछले तीन वर्षों के दौरान उनकी प्रगति, लाभ व अन्य वित्तीय पहलुओं की तुलना की जा सके । इस परीक्षण के दौरान कम्पनी की समग्र प्रगति के बारे में निष्कर्ष निकालने के अतिरिक्त इस बात की भी जांच की जाती है कि निगम के साथ किए गए करारनामों का उल्लंघन तो नहीं किया गया है ।

नामिक संचालक

62. भारतीय औद्योगिक वित्त निगम तथा वित्तपोषित संस्थाओं के प्रबन्धकों के बीच सम्बन्ध स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण आयाम उनके संचालक बोर्डों में अपने सदस्य नामित करना है । औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 25(2) के अनुसरण में निगम नीति के तौर पर वित्त-पोषित औद्योगिक संस्थाओं के बोर्डों में दो संचालक नियुक्त करने का अधिकार आरक्षित रखता है । संयुक्त रूप से वित्तीय सहायता देने के मामलों में यह निश्चित किया गया है कि भागीदार संस्थाओं के एक अथवा अधिक सदस्य सामूहिक रूप से नामित करने की व्यवस्था विकसित हुई है ।

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम उन सभी वित्तपोषित संस्थाओं के मामले में जिन्हें काफी मात्रा म वित्तीय सहायता दी गई है अथवा वित्तीय सहायता प्रदान करने के ऋण करारों में ऋणों के साधारण शेयरों में बदलने की संपरिवर्तन धाराएं अनुबन्धित की गई हैं, अपने प्रतिनिधि नामित करने के अधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। सामान्यत : निम्नलिखित स्थितियों में निगम वित्तपोषित संस्थाओं के बोर्डों में अपने संचालक नामित करने की स्वेच्छा का उपयोग करता है ।

(1) जिन मामलों में निगम की हामीदारी तुलनात्मक रूप में अधिक हो;

(2) जिन मामलों में निगम के ऋण के मूलधन तथा ब्याज की अदायगी में चूकें की गई हों;

(3) जिन मामलों में वित्तपोषक सस्थाओं पर सतर्कता रखने अथवा नजदीकी देखभाल रखने की आवश्यकता हो ।

संचालकों के रूप में नामित व्यक्ति या तो निगम के अपने अधिकारी होते हैं अथवा गैर-सरकारी परन्तु गैर-सरकारी व्यक्ति सामान्यत: विशेषज्ञ होते हैं ।

संचालकों के रूप में नामित व्यक्ति निगम की स्वेच्छा से पद पर रह सकते हैं तथा इनके लिए शेयरों की कोई निश्चित संख्या रखना अनिवार्य नहीं है और न ही वे क्रमिक रूप से कार्यनिवृत्त होते हैं । इन नामित सचालकों से वित्तपोषित सस्थाओं के बोर्डों के सभी कार्यक्रमों में सक्रिय भाग लेने की आशा की जाती है । निगम द्वारा नामित सचालकों से आशा की जाती है कि वे सस्था के दैनिक प्रबन्ध में हस्तक्षेप किए बिना बोर्ड में आने वाले सभी मामलों, विशेषकर जिनका सम्बन्ध निगम द्वारा दी गई सहायता तथा इसके हित से हो अथवा जो मामले सरकारी नीति के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हो, में भाग लें ।

ताकि नामित सचालक सस्था के कार्य-सचालन में सम्बन्धित मामलों जैसे, विस्थापित क्षमता की तुलना में उत्पादन, बिक्री, विवरण सूचियों तथा उपलब्धियों की तर्क सगतता, सस्था की रोकड़ स्थिति, कानूनों दायित्वों का पूरा करना, महत्वपूर्ण पदों में परिवर्तन, आदि से नजदीकी सम्बन्ध रख सके इसके लिए कम्पनियों द्वारा आवश्यक सूचना तथा आंकड़े देने के लिए प्रपत्र बनाए गए हैं । इस सूचना को सचालक बोर्ड की बैठकों में प्रस्तुत किया जाता है ।

अत: यह बात स्पष्ट है कि वित्तीय संस्था तथा वित्तपोषित सस्था के बीच का सम्बन्ध व्यापारिक सम्बन्ध है और यह स्वाभाविक ही है कि निगम को न केवल अपने हित की रक्षा तथा देखभाल करनी होती है अपितु सलाह सेवाएं भी प्रदान करनी पड़ती हैं । वित्तपोषित संस्था में भारी जोखिम होने के कारण निगम उद्यम में साझेदार के रूप में कार्य करता है और उसके कार्यों में गहन रुचि रखता है ।

निगम की अनुवर्ती कार्रवाई के लिए ऐसी सूचना की आवश्यकता होती है जो कोई भी जागरूक प्रबन्धक वर्ग अपने वित्त में एकत्र करके अध्ययन करेंगे । इस प्रकार अनुवर्ती कार्रवाई संस्थाओं पर बोझ न होकर कुशल प्रबन्ध के लिए सहायक होती है ।

उद्योगों की सामान्य समीक्षा, विशेष रूप से उन उद्योगों की समीक्षा जिन्हें निगम ने सहायता दी है

63. 1971 के स्तर से 1972 में औद्योगिक उत्पादन में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई । औद्योगिक उत्पादन के क्षेत्र में बड़े औद्योगिक समूहों के उत्पादन में वृद्धि के चिह्न दिखाई दिए । जिन उद्योगों ने 1972 में उत्पादन में वृद्धि के लक्षण दिखाए, उनमें से बिजली उत्पादन, खान व खनन, वस्त्र, रबर, उत्पाद, रसायन, अधातु खनिज उत्पाद, मूल धातु, गैर बिजली मशीनरी, तथा परिवहन उपस्कर प्रमुख हैं । ये तथा सम्बाकू, जूतों तथा धातु उत्पादों के उत्पादन में गिरावट आई । आमतौर पर वर्ष के दौरान क्षमता के उपयोग में वृद्धि हुई फिर भी रेलवे वैगनों, इस्पात ढांचों तथा भारी संरचनाओं और खान मशीनरी के उद्योग में क्षमता का कम उपयोग किया गया ।

सरकार ने जनवरी, 1972 में पहले से उपलब्ध क्षमताओं के अधिक उपयोग द्वारा औद्योगिक उत्पादन बढ़ाने के दृष्टिकोण से कुछ शर्तों के अधीन 54 विशेष चुने हुए उद्योगों में वर्तमान क्षमता का 100 प्रतिशत अतिरिक्त उत्पादन करने की स्वीकृति प्रदान की। अक्तूबर, 1972 में ये सुविधाएं 11 और अतिरिक्त उद्योगों को प्रदान की गई।

सरकार ने पिछले कई महीने से देश के विभिन्न भागों की रुग्ण वस्त्र तथा इन्जीनियरिंग इकाईयों का प्रबन्ध अपने हाथ में लिया है। 1972 के दौरान 18 वस्त्र तथा 8 इंजीनियरिंग ईकाइयों का प्रबन्ध हाथ में लिया गया। इस प्रकार हाथ में ली गई इकाईयों की संख्या वस्त्र उद्योग में 51, इंजीनियरिंग उद्योग में 10 तथा चीनी उद्योग में 3 हो गई हैं। इनमें से सूती वस्त्र की 7 इकाइयों को निगम ने सहायता भी है।

18 फरवरी, 1970 की औद्योगिक लाईसेंस नीति से प्राप्त अनुभव के अनुसरण तथा पांचवीं पंचवर्षीय योजना के सन्दर्भ में सरकार ने औद्योगिक विकास से सम्बन्धित नीतियों का पुनरावलोकन किया। सरकार का निर्णय 2 फरवरी, 1973 की प्रेस विज्ञप्ति में जारी किया गया। 18 फरवरी, 1970 की औद्योगिक लाइसेंस नीति में इसे एकाधिकार तथा निर्बन्धन व्यापार प्रथा अधिनियम, 1969 तथा पांचवीं पंचवर्षीय योजना के अनुरूप करने के लिए कुछ परिवर्तन किए गए। लाइसेंस देने के उद्देश्य से बड़े औद्योगिक हाउसों की परिभाषा को विस्तृत किया गया है जिसमें अब 35 करोड़ रुपये की सीमा के स्थान पर 20 करोड़ रुपये की निवेश पूंजी वाले औद्योगिक हाउस सम्मिलित माने जायेंगे।

सरकार ने ऐसे उद्योगों की भी समेकित सूची तैयार की है जिनमें बड़े औद्योगिक हाउस पूंजी लगा सकते हैं, बशर्ते उत्पादन की वस्तु सरकारी क्षेत्र अथवा लघु उद्योग क्षेत्र के लिए आरक्षित न की गई हो। सामान्यतः वर्तमान व्यवस्थयओं के अनुसार बड़े औद्योगिक हाउसों की सूची से बाहर के उद्योगों को लगाने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी जब तक कि उनके द्वारा किया गया अधिकतम उत्पादन निर्यात के लिए न हो।

लघु उद्योग क्षेत्र के लिए आरक्षण की वर्तमान नीति जारी रहेगी और सहकारी क्षेत्र में कृषि अभिसंस्करण उद्योगों जैसे, गन्ना, पटसन कपास तथा कृषि उत्पादन में सहायक जैसे, उर्वरकों को अधिक प्रोत्साहन दिया जाएगा। सहकारिताओं और छोटे तथा मध्य दर्जे के उद्यमकर्ताओं की सरकारी क्षेत्र के साथ साथ आम उपभोग की वस्तुओं का उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। अन्य निवेशकों को आम उपभोग की वस्तुओं का उत्पादन करने की तभी स्वीकृति दी जाएगी यदि इसके कुछ विशेष कारण हों, जैसे उत्पादन पैमाने की बचत के परिणामस्वरूप कम उत्पादन लागत, तकनीकी सुधार, निवेश की भारी जरूरतें, निर्यात की भारी संभावनाएं अथवा आधुनिकीकरण।

सोडा एश

1972 में सोडा एश की वार्षिक उत्पादन क्षमता 4.7 लाख टन थी, इसके विपरीत उत्पादन 4.9 लाख टन रहा, जो 1971 से मामूली सा अधिक था। क्षमता का पूर्ण उपयोग किया गया है। उसकी मांग पूर्ति से अधिक होने के कारण सोडा एश पर निर्भर उद्योगों के विस्तार में बाधा पड़ रही है।

इस उद्योग में निगम द्वारा वित्तपोषित संस्थाओं का कार्य सन्तोषजनक रहा। इनमें से एक संस्था अपनी 2.2 लाख टन वार्षिक की विस्थापित क्षमता का पूरा उपयोग करने के बाद विस्थापित क्षमता की 3.6 लाख टन वार्षिक लाइसेंस क्षमता तक बढ़ा रही है। अन्य संस्था ने अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग किया है। और अपनी क्षमता 55,000 टन वार्षिक से 70,000 टन वार्षिक तक बढ़ाने के लिए अपने सोडा एश संयंत्र के आधुनिकीकरण, पुनर्स्थापन तथा विस्तार का कार्यक्रम बना रही है।

कास्टिक सोडा

1972 के दौरान कास्टिक सोडे की विस्थापित क्षमता 4.1 लाख टन थी। वर्ष के दौरान कास्टिक सोडे का उत्पादन 3.9 लाख टन हुआ जो 1971 की तुलना में मामूली सा अधिक था।

कास्टिक सोडा उद्योग में क्षमता का पूर्ण उपयोग किया गया। अतः क्षमता की सीमितता के कारण उत्पादन वृद्धि पर दबाव रहा इसके कारण अल्पकालीन अभाव की स्थिति रही, क्योंकि कास्टिक सोडे की मांग बढ़ रही है। अब कास्टिक सोडे के उत्पादन में अतिरिक्त क्षमता पैदा करने की आवश्यकता है।

इस उद्योग में निगम द्वारा वित्तपोषित संस्थाओं को अपने उत्पादन की खपत में बड़ी आसानी रही। अत/ वर्ष के दौरान उनका कार्य सन्तोषजनक रहा।

सीमेन्ट

सीमेंट उद्योग में क्षमता की सीमितताओं के कारण उत्पादन वृद्धि पर दबाव रहा।

नई परियोजनायें लगाने के लिए पूंजी लागत में भारी वृद्धि होने के कारण वर्तमान मूल्य रोक सीमेंट उद्योग में नये निवेशों की वित्तीय व्यवहार्यता प्राप्त नहीं होने देती। इसने अति-आवश्यक अतिरिक्त क्षमता के स्थापित करने में अवरोधक के रूप में कार्य किया है।

निगम द्वारा वित्तपोषित अधिकतर संस्थाओं का कार्य संतोषजनक रहा। यद्यपि बिजली की कमी, परिचालन कठिनाईयों, रेल वैगनों की कमी कच्चे माल की कमी तथा तनावपूर्ण औद्योगिक सम्बन्धों के कारण क्षमता पर बुरा प्रभाव पड़ा।

आटोमोबाइल टायर तथा ट्यूबें

देश में टायर तथा ट्यूबों की प्रारम्भिक कुल विस्थापित क्षमता 40 लाख थी। 1972 में आटोमोबाईल टायरों का उत्पादन 46 लाख हुआ, जो 1971 के 45.00 लाख उत्पादन से 4.5 प्रतिशत अधिक था। आटोमोबाईल टायरों तथा ट्यूबों की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए 14 नई इकाइयों को स्वीकृति पत्र जारी किये गये हैं। तथा एक वर्तमान इकाई को काफी विस्तार के लिए स्वीकृति प्रदान की गई।

निगम द्वारा वित्तपोषित दो सस्थाओं का कार्य लाभप्रद रहा। एक संस्था को हानि रही और बिजली की कमी तथा तनावपूर्ण औद्योगिक संबंधों के कारण यह इकाई अपनी क्षमता का केवल 27 प्रतिशत ही उपयोग कर सकी।

कागज

कुछ वर्ष पहले शुरू किये गए 'क्रेस प्रोगाम' के अधीन वर्ष के दौरान कागज तथा बोर्ड उद्योग ने उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए काफी प्रगति की है। 1972 में विस्थापित क्षमता 9.2 लाख टन थी। वर्ष के दौरान कागज तथा बोर्ड का उत्पादन 8.03 लाख टन था।

पिछले कुछ वर्षों से कागज उद्योग में नई क्षमता स्थापित करने के लिए पूंजी लागत में बहुत वृद्धि हुई है। वर्तमान कीमत ढांचे के अनुसार बढ़ी हुई पूंजी लागत ने इन इकाईयों की व्यवहार्यता को काफी प्रभावित किया है और कागज तथा कागज उत्पादों की बढ़ती हुई मांग के अनुसार काफी मात्रा में नई क्षमता पैदा नहीं की जा रही है।

निगम द्वारा वित्तपोषित संस्थाओं का कार्य संतोषजनक रहा। क्षमता का औसतन 85.41 प्रतिशत उपयोग किया गया। फिर भी कुछ संस्थाओं पर बिजली की कमी, कच्चे माल की कमी तथा तनावपूर्ण औद्योगिक संबंधों का दूषित प्रभाव पड़ा।

उर्वरक

उर्वरक उद्योग ने लगातार अच्छी प्रगति की। बिजली की कटौती तथा तनावपूर्ण औद्योगिक सम्बन्धों के कारण कुछ फैक्टरियों के उत्पादन पर दूषित प्रभाव पड़ा।

उर्वरकों की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिये वर्तमान क्षमता काफी नही है। अतः देश में तत्काल उर्वरक की अतिरिक्त क्षमता पैदा करने की आवश्यकता है।

निगम द्वारा वित्तपोषित संस्थाओं में यूरिया का उत्पादन करने वाली इकाइयों ने क्षमता का बहुत अधिक उपयोग किया, लेकिन अन्य प्रकार के उर्वरकों की क्षमता का कम उपयोग किया गया।

कृत्रिम रेसे

कृत्रिम रेशा उद्योग ने लगातार प्रगति की, फिर भी मांग जितना उत्पादन नहीं हो सका। निगम द्वारा वित्त-पोषित संस्थाओं का कार्य संतोषजनक रहा। फिर भी इस उद्योग में कच्चे माल, विशेषक र, कैपरोलेक्टम तथा डी० एम० टी० की कमी रही।

कांच

कांच तथा कांच के बर्त्तन उद्योग में वार्षिक विस्थापित क्षमता 4,29,000 टन रही।

इस उद्योग के समस्त कांच क्षेत्र में पिछले साल की तुलना से लगातार वृद्धि हुई। उद्योग के विभिन्न विभागों, जैसे वैकुम फ्लास्कों, जी० एल० एस० लैम्पों के लिये कांच तथा क्लैरोसेट लैम्पों के लिए ट्यूबों के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

कांच पात्रों का उत्पादन करने वाली एक इकाई का कार्य सन्तोषजनक रहा। फिर भी यह इकाई बिजली की कमी तथा मरम्मत के लिए इसकी भट्टी बन्द होने के कारण अपनी क्षमता का पूरा उपयोग नहीं कर सकी। अन्य संस्था को भी बिजली तथा कच्चे माल की कमी का सामना करना पड़ा चिलित तथा वायर कांच का उत्पादन करने वाली एक वित्तपोषित संस्था को बाजार की कठिनाइयों व तनावपूर्ण औद्योगिक संबंधों का सामना करना पड़ा।

कृषि ट्रैक्टर

1972 में ट्रैक्टरों का उत्पादन करने वाली 7 इकाइयां थीं जिनमें वार्षिक विस्थापित क्षमता 42,500 ट्रैक्टर थी। अब तक लाइसेंस/अनुमोदित वार्षिक कुल क्षमता 1.8 लाख है। वर्ष के दौरान ट्रैक्टरों का उत्पादन 18,301 हुआ जो कि 1971 की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक था। संभवतः उत्पादन अधिक होटा, परन्तु एक इकाई के सामने वित्तीय कठिनाइयां होने तथा दूसरी के सामने श्रम संकट तथा तालाबन्दी के कारण उत्पादन कम रहा। दो और इकाइयों को अपने उत्पादन में भारी कटौती करनी पड़ी क्योंकि उनके माडलों की मांग काफी नहीं थी।

आशा की जाती है कि आयात पर पाबन्दी लगाने के कारण देश में ट्रैक्टरों का उत्पादन करने वाली इकाइयों को अपने उत्पादन के लिये अच्छी मार्केट मिल सकेगी ।

निगम द्वारा वित्तपोषित संस्थाओं का कार्य संतोषजनक नहीं था। कच्चे माल की कमी, बाजार सीमितताओं तथा बिजली की कमी के कारण क्षमता का कम उपयोग किया गया ।

अधातु तथा विशेष इस्पात

1972 में अधातु तथा विशेष इस्पात की विस्थापित क्षमता 2.3 लाख टन थी। लोचदार इस्पात, कार्बन तथा निर्माण अधातु इस्पात उच्च गति इस्पात, डाई इस्पात, जंगरहित इस्पात तथा उष्णता प्रतिरोधक इस्पात और बिजली इस्पात चादरों का उत्पादन करने के लिये उत्पादन शृंखला को विस्तृत किया गया है ।

निगम द्वारा वित्तपोषित संस्थाओं का कार्य संतोषजनक रहा यद्यपि उनको कच्चे माल की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। एक के औद्योगिक सम्बन्ध तनावपूर्ण होने के कारण उत्पादन पर दूषित प्रभाव पड़ा । एक अन्य संस्था को अपनी वर्तमान 24,000 टन वार्षिक क्षमता से 60,000 टन वार्षिक बढ़ाने के लिये सरकार से संयंत्र के विस्तार का स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ है ।

बाल तथा रोलर बियरिंग

संगठित क्षेत्र में बाल तथा रोलर बियरिंगों का नियमित उत्पादन करने वाली 7 इकाइयों की विस्थापित क्षमता 207 लाख इकाई थी। वर्ष के दौरान बाल तथा रोलर बियरिंगों के उत्पादन का अनुमान 210 लाख इकाई है। इस उद्योग को आटोमोबाइल, औद्योगिक मशीनरी तथा मशीन टूल्ज उद्योगों से अच्छी मांग प्राप्त हुई ।

निगम द्वारा वित्तपोषित संस्थाओं का कार्य अच्छा रहा और सम्पूर्ण उद्योग की भांति उनका क्षमता उपयोग भी अधिक रहा ।

इस्पात नल तथा ट्यूबें

आजकल काले तथा जस्तीकृत नलों का उत्पादन करने वाली 14 इकाइयां हैं, जिनकी विस्थापित क्षमता 6.2 लाख टन है। इसके अतिरिक्त स्वचालित पंजीकरण योजना के अधीन बहुत सी इकाइयों का पंजीकरण किया गया है और इनकी क्षमता 8 लाख टन के लगभग है। वर्ष के दौरान काले तथा जस्तीकृत इस्पात नलों का उत्पादन 3.00 लाख टन रहा, जो 1971 में 2.34 लाख टन रहा। उद्योग के सामने मूल कच्चे माल अर्थात् पत्तियों/छीलन की भारी कमी रही। क्योंकि पहले से ही काफी लाइसेंस/अनुमोदित क्षमता है, अतः सरकार ने कच्चे माल की स्थिति सुधरने तक और क्षमता पैदा न करने का निर्णय किया है। निगम द्वारा वित्तपोषित संस्थायें, आधारभूत कच्चे माल की भारी कमी के कारण क्षमता का कम उपयोग कर सकी। दो संस्थाओं को जिंक प्राप्ति में कठिनाई रही ।

मोटर साइकल, स्कूटर आदि

मोटर साइकिलों, स्कूटरों, तिपहियों तथा मोपेड़ों की विस्थापित क्षमता 1,67,300 थी। इसके विपरीत उत्पादन केवल 1,43,285 रहा। स्कूटरों की मांग तथा पूर्ति के अन्तराल को कम करने के लिये सरकार ने स्कूटरों के वर्तमान तीन उत्पादकों को अपनी विस्थापित क्षमता दुगनी करने की स्वीकृति प्रदान की है। इसके अतिरिक्त नये उद्यमकर्ताओं को 8 राज्य औद्योगिक निगमों सहित स्कूटरों के उत्पादन के लिए 27 स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये। एक लाख स्कूटरों का निर्माण करने के लिए संयुक्त क्षेत्र में एक परियोजना भी लगाई गई है ।

आमतौर पर निगम द्वारा वित्तपोषित संस्थाओं का कार्य अच्छा रहा। फिर भी उनमें से अधिकतर को कच्चे माल, अर्थात् चादरों की कमी रही। इसके कारण वे क्षमता का कम उपयोग कर सकी ।

बाइसिकल

1972 में साइकलों का उत्पादन 22.56 लाख होने का अनुमान है ।

निगम द्वारा वित्तपोषित दो संस्थाओं ने पिछले वर्ष की तुलना में अपने उत्पादन में वृद्धि की, फिर भी, ये संस्थायें माल की कमी जैसे, छड़ें, पत्तियां, तारें, छीलन, ट्यूबों तथा कल पुर्जों के कारण क्षमता का पूरा उपयोग नहीं कर सकी। इनमें से एक संस्था को तनावपूर्ण औद्योगिक संबंधों का सामना भी करना पड़ा और इसकी फैक्टरी तीन महीने के लिए बन्द रही ।

बिजली मशीनरी

वर्ष के दौरान, आम तौर पर बिजली मशीनरी उद्योग का क्षमता उपयोग संतोषजनक रहा। क्षमता के बराबर उत्पादन किये जाने वाले कुछ उत्पादों में से बिजली के लैम्प, व पंखे, ड्राई सैल, मोटरें तथा ट्रांसफार्मर हैं। फिर भी, तारों जैसे घरेलू फिटिंग के साज सामान को बाजार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। शुष्क शैलों, पी० आई० एल० सी० तारों, पंखों तथा लिपटने वाली तारों के उत्पादों के लिये अखिल भारतीय औसतन उपयोग की तुलना में निगम द्वारा वित्तपोषित संस्थाओं का क्षमता उपयोग कम रहा, जिसके प्रमुख कारण, कच्चे माल की कमी, बिजली की कमी, बाजार की कठिनाईयाँ तथा रेल परिवहन कठिनाईयाँ कहे जा सकते हैं ।

चीनी

1971-72 में 31.10 लाख टन चीनी उत्पादन की तुलना में 1972-73 में चीनी का उत्पादन 37.89 लाख टन हुआ ।

1972-73 के दौरान चीनी के उत्पादन को अधिकतम बढ़ाने के लिये सरकार ने बहुत से कदम उठाये, जैसे वैक्यूम पैन चीनी फैक्टरियों द्वारा उत्पादकों को देय गन्ने की न्यूनतम कीमत बढ़ाना, जो पिछले वर्ष से औसतन 20 प्रतिशत अधिक है तथा गन्ना पेरने के मौसम, विशेषकर, प्रारम्भिक तथा बाद के मौसमों को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित के तौर पर उत्पादन शुल्क में रियायत योजना प्रारंभ की जबकि प्रतिशुत उत्पादन कम होता है ।

31 मार्च, 1973 तक लाइसेंस प्राप्त/पंजीकृत चीनी सहकारिताओं की संख्या 134 थी । 1972-73 के मौसम के दौरान इनमें से 87 चीनी सहकारितायें उत्पादन में लगी थीं । 1972-73 में सहकारी क्षेत्र का कुल चीनी उत्पादन में योगदान 13 14 लाख टन था, कुल जो उत्पादन के 35 प्रतिशत के लगभग है ।

वर्ष के दौरान निगम द्वारा वित्तपोषित अधिकतर चीनी सहकारिताओं का कार्य संतोषजनक रहा । उनमें से कुछ गन्ने की कमी के कारण अपनी क्षमता का पूरा उपयोग नहीं कर सकीं ।

सूती वस्त्र

वर्ष के दौरान कपास की उपलब्धि में सुधार होने के कारण सूती वस्त्र उद्योग को राहत प्राप्त हुई । इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा बहुत से रुग्ण मिलों के हाथ में लिये जाने से पुनः कार्य शुरू कर देना भी उद्योग मुक्ति के लये जिम्मेवार है ।

निगम द्वारा वित्तपोषित अधिकतर संस्थाओं का कार्य संतोषजनक रहा, यद्यपि उनमे से कुछ के सामने, विशेषकर वर्ष के अन्तिम भाग मे बिजली की कमी रही ।

पटसन

वर्ष के दौरान, पटसन उद्योग पर कम फसल तथा बढ़ती हुई कीमतों का दुष्प्रभाव पड़ा । इसके अतिरिक्त, भारतीय पटसन उत्पादों को कृत्रिम रेशे तथा बंगला देश के उत्पादों से तीव्र प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा ।

यद्यपि टाटों तथा बोरियों के उत्पादन में वृद्धि हुई लेकिन निर्यात मांग धीमी होने से गलीचे के आस्तीनों का उत्पादन कम हो गया । पटसन की वस्तुओं के उत्पादन में बिजली की कमी भी मुख्य बाधक के रूप में सिद्ध हुई ।

पटसन उद्योग में निगम द्वारा वित्तपोषित अधिकतर संस्थाओं का कार्य संतोषजनक रहा ।

निधि स्त्रोत

शेयर पूंजी

64. औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम के खण्ड 4 में संशोधन हो जाने के परिणामस्वरू निगम की अधिकृत पूंजी 10 करोड़ रुपये से बढ़कर 20 करोड़ रुपये कर दी गई है । वर्ष के दौरान 3308 शेयरों (चौथी सीरीज) पर 2500 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 82,70,000 रुपये की मांग की गई तथा सभी शेयरधारियों से मांगी गई पूर्ण राशि प्राप्त हो चुकी है इससे 10 करोड़ रुपये की जारी की गई पूंजी पूर्णतः प्रदत्त हो चुकी है ।

बांड

65. निगम ने अपने निधि स्त्रोतों को बढ़ाने के लिये अक्तूबर, 1972 तथा अप्रैल, 1973 में क्रमशः 10 करोड़ रुपये और 12 करोड़ रुपये के बांड जारी किए, इनकी परिपक्व अवधि 12 वर्ष है । बांड सम-मूल्य पर जारी किए गए तथा ब्याज की दर 5-3/4 वार्षिक प्रदान की गई । जारी की गई राशि का अनुज्ञेय 10 प्रतिशत मिलाकर आवंटित बांडों की राशि 11.00 करोड रुपये तथा 13 17 करोड़ रुपये थी । इन निर्गमो को मिलाकर वर्ष के अन्त में बकाया बांडों की राशि 85.17 करोड़ रुपये हो गई है ।

केन्द्रीय सरकार से प्राप्त ऋण

66. 30 जून, 1972 को केन्द्रीय सरकार से प्राप्त ऋणों की राशि 74 07 करोड़ रुपये थी । निगम ने सरकार से समीक्षाधीन वर्ष के दौरान के० एफ० डब्ल्यू० ऋणों से पैदा होने वाले ब्याज दर की निधियों के अधीन 0 11 करोड़ रुपये की राशि उधार ली, जबकि 4 71 करोड़ रुपये की राशि अदा की गई, इस वर्ष के अन्त मे ऋणो की बकाया राशि 69 47 करोड रुपये थी । पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी निगम के लिये केन्द्रीय बजट में कोई व्यवस्था नही की गई ।

रिजर्व बैंक आफ इण्डिया से प्राप्त ऋण

67. समीक्षाधीन वर्ष में पिछले वर्षों की भांति रिजर्व बैंक से ऋण उसी अवस्था में लिये गए जबकि ऋण लेना अनिवार्य हो गया था । 30 जून, 1973 को इस शीर्षक के अन्तर्गत 2 68 करोड़ रुपये की रकम बकाया थी, जो बाद में अदा कर दी गई ।

विदेशी मुद्रा ऋण

68. दिसम्बर, 1972 मे 80 लाख जर्मन मार्क का एक और ग्यारहवां ऋण निगम को दिया गया । वर्ष के अन्त में उपरोक्त ऋण सहित निगम के पास पश्चिमी जर्मन मार्क का कुल ऋण 1285 लाख मार्क हो गया । निगम ने इसमें से 1,200.7 लाख मार्क के उप-ऋण मंजूर किए । अब ये ऋण पूर्ण संपरिवर्तनीय है, अर्थात् कुछ विशेष देशों को छोड़कर पश्चिमी जर्मनी के अतिरिक्त, अमेरिका, इंग्लैंड, इटली, नार्वे, स्वीडन, डेनमार्क, जापान, आदि देशों से पूंजीगत माल, इंजीनियरिंग जानकारी और सेवाओं आदि के आयात के लिये इनका प्रयोग किया जा सकता है ।

संयुक्त राज्य/भारत पूंजी निवेश ऋण, 1973 के अन्तर्गत 15 लाख पौंड का ऋण संबंधी दस्तावेज शीघ्र ही पूरा किया जायेगा। इस ऋण के पूरा होने से भारत सरकार द्वारा प्रदान संयुक्त राज्य ऋणों की कुल राशि 35 लाख पौंड हो गई है। इसमें से वर्ष के अन्त तक 20.9 लाख पौंड के उप-ऋणों को मंजूर किया गया। इससे निगम पात्र संस्थाओं को संयुक्त राज्य से पूंजीगत माल का निर्यात करने के लिय ऋण दे सकेगा।

बैंक फ्रांसिस डू कामर्ज एक्सटिरिये द्वारा निगम को दिये गये फ्रासीसी ऋण का कुल मूल्य 150.00 लाख फ्रांक था, जिसमें से 130.01 लाख फ्रांसीसी फ्रांक के उप-ऋण मंजूर किये गये।

पिछले तीन वर्षों में निधियों के स्त्रोत तथा उपयोग

(रुपये करोड़ों में)

	1970-71	1971-72	1972-73
(क) निधियों का स्त्रोत			
आंतरिक स्त्रोत			
1. प्रारम्भ में नकदी और बैंक शेष	6.89	9.18	2.46
2. वर्ष का सकल लाभ	4.47	4.84	4.52
3. उधार लेने वालों द्वारा ऋणों की वापसी			
(क) रुपया ऋण	9.48	10.87	13.09
(ख) विदेशी मुद्रा ऋण	2.46	2.59	2.75
4. सरकारी प्रतिभूतियों में निवेशों की बिक्री	2.01	—	—
5. डिबेंचरों/अधिमान शेयरों का विमोचन	0.70	0.33	0.17
6. निवेशों की बिक्री	0.16	1.74	1.70
7. गारंटी दायित्वों के रूप में वसूली	—	0.07	0.01
8. शेयरों के लिये माँगी गई राशि	—	0.83	0.83
उधार उप-जोड़	26.17	30.45	25.53
9. बॉंड जारी करके बाजार से उधार	4.95	8.80	24.17
10. विदेशी संस्थाओं से उधार	3.10	2.95	3.52
11. रिजर्व बैंक आफ इंडिया से निवल उधार	1.24	1.68	2.68
12. केन्द्रीय सरकार से उधार	—	0.09	0.11
उप जोड़	9.29	13.52	30.48
जोड़	35.46	43.97	56.01

	1970-71	1971-72	1972-73
(ख) निधियों का उपयोग			
औद्योगिक संस्थाओं की सहायता			
1. सहायता संवितरणों के रूप में			
(क) ऋण			
रुपया ऋण	13.16	17.85	23.86
विदेशी मुद्रा ऋण	3.10	2.95	4.31*
(ख) हामीदारी दायित्वों के रूप में	0.73	0.56	2.10
औद्योगिक इकाइयों के शेयर-डिबेंचरों में अभिदान			
(ग) प्रत्यक्ष अभिदान	0.14	1.72	0.24
(घ) निगम द्वारा दी गई हामीदारियां	0.02	0.19	1.83
उप-जोड़	17.15	23.27	32.34
सरकार की अदायगी			
2. ऋणों की अदायगी	2.29	3.34	4.71
3. कर के लिए व्यवस्था	2.37	2.17	1.62
उप-जोड़	4.66	5.51	6.33
अन्य उपयोग			
4. रिजर्व बैंक से प्राप्त ऋणों की अदायगी	—	1.24	1.68
5. विदेशी संस्थाओं से प्राप्त ऋणों की अदायगी	2.26	2.40	2.22
6. बाँडों का विमोचन	—	5.49	—
7. अधिलाभांश	0.42	0.42	0.57
8. अन्य	1.79	3.18	1.09
9. अन्त में नकदी और बैंक शेष	9.18	2.46	11.78
उप-जोड़	13.65	15.19	17.34
जोड़	35.46	43.97	56.01

*संयुक्त राज्य/भारत पूंजी निवेश ऋणों के अधीन संवितरित 0.79 करोड़ रुपये सम्मिलित हैं।

उद्योगों को दी जाने वाली सहायता के स्रोत

69. 30 जून, 1973 तक निगम ने जो रकम संवितरित की है और हामीदारी लेने के कारण उसे जो शेयर और डिबेंचर लेने पड़े थे उनकी कुल राशि 322.11 करोड़ रुपये है। ये निम्नलिखित स्रोतों से पूरे किये गये हैं :

	(रुपये करोड़ों में)
प्रदत्त पूंजी	10.00
आरक्षित निधियां	18.34
बाँड जारी करके बाजार से प्राप्त ऋण	85.17
केन्द्रीय सरकार से लिया गया ऋण	69.47
रिजर्व बैंक से लिया गया ऋण	2.68
विदेशी ऋण	42.73
रुपया ऋणों की वापसी और निवेशों की बिक्री	93.72
जोड़	322.11

ऋणों की वापसी अदायगी की प्रगति

70. सारणी 11 और 12 में वे रकमें दिखाई गई हैं जो पिछले पाँच वर्षों में ब्याज और मूलधन की अदायगी के रूप में लेनी थीं और जो रकम वसूल हुई थी। इसमें प्रत्येक वर्ष के बाकीदारी की रकमों का ब्यौरा दिया गया है। 30 जून, 1973 को 180.21 करोड़ रुपये के कुल बकाया ऋणों में ब्याज की 691.72 लाख रुपये की बाकीदारी तथा मूलधन 555.94 लाख रुपये की बाकीदारी थी, जो कुल बकाया ऋणों का क्रमशः 3.83 प्रतिशत तथा 3.08 प्रतिशत है।

सारणी—11

ब्याज

(रुपये, लाखों में)

30 जून को समाप्त हुआ वर्ष	वर्ष के प्रारम्भ में बकाया रकम	वर्ष के प्रारंभ में बकाया ब्याज	वर्ष के दौरान ब्याज की देय रकम*	खाना 3 और 4 का जोड़	वर्ष के दौरान ब्याज की प्राप्त रकम	वर्ष के दौरान ब्याज की अदायगी में चूक होने से बकाया रकम*
1	2	3	4	5	6	7
1969	13553.04	202.81	1026.64	1229.45	917.78	311.67
1970	14207.50	311.67	1084.89	1396.56	1023.84	372.72
1971	14998.54	372.72	1161.08	1533.80	983.05	550.75
1972	15606.32	550.75	1165.96	1716.71	1081.15	598.40
1973	16564.97	598.40	1357.50	1955.90	1106.81	691.72

*इसमें वे राशियाँ शामिल नही है, जिनकी मियाद बढ़ाने की मंजूरी दे दी गई है। तकनीकी रूप से ऐसे मामलों को चूकें नहीं माना जाता।

सारणी—12

मूलधन

(रुपये, लाखों में)

30 जून को समाप्त हुआ वर्ष	वर्ष के प्रारम्भ में बकाया ऋण*	वर्ष के प्रारम्भ में मूलधन की देय रकम	वर्ष के दौरान मूलधन की देय रकम	खाना 3 और 4 का जोड़	वर्ष के दौरान मूलधन से प्राप्त रकम	वर्ष के दौरान मूलधन की अदायगी में चूक होने से बकाया रकम**
1	2	3	4	5	6	7
1969	13553.04	149.32	944.90	1094.22	811.99	256.51
1970	14207.50	256.51	1163.86	1420.37	1004.24	313.21
1971	14998.54	313.21	1354.43	1667.64	1151.66	498.03
1972	15606.32	498.03	1531.34	2029.37	1287.39	637.06
1973	16564.97	637.06	1633.39	2270.45	1478.54	555.94

*इसमें वे बकाया ऋण शामिल नही हैं जिनकी किश्तें अदायगी में चूक होने के कारण आस्थगित कर दी गई हैं और जिनकी गारंटी निगम ने दी थी और इसलिए निगम को उन्हे अदा करना पड़ा। ये ऋण और उनके ब्याज का ब्यौरा सारणी 14 में दिया गया है।

**इनमें वे राशियाँ शामिल नही हैं जिनकी मियाद बढ़ाने की मंजूरी दे दी गई है। तकनीकी रूप से ऐसे मामलों को चकें नहीं माना जाता।

71. 30 जून, 1973 तक बाकीदारी का उद्योगवार ब्यौरा और पिछले वर्ष के तुलनात्मक आँकड़े, निम्नलिखित सारणी में दिये गये हैं।

सारणी—13

(रुपये, लाखों में)

उद्योग	30-6-72 तक की बाकीदारियाँ			30-6-73 तक की बाकीदारियाँ		
	संस्थाओं की संख्या	मूलधन	ब्याज	संस्थाओं की संख्या	मूलधन	ब्याज
चीनी	4	38.38	75.53	8	56.00	108.65
सूती वस्त्र	19	211.74	180.12	14	152.57	172.07
पटसन	1	—	1.94	1	2.03	—
लकड़ी और कार्क	1	92.48	31.81	—	—	—
कागज तथा कागज उत्पाद	3	18.10	64.12	4	19.80	88.73
रबर उत्पाद	3	13.59	17.04	3	30.07	32.91
मूल औद्योगिक रसायन	1	21.00	24.93	1	24.00	33.15
विविध रसायन तथा रसायन उत्पाद	4	7.40	2.94	2	12.00	4.35
कांच	1	6.00	3.84	2	10.00	8.10
विविध अधातु खनिज उत्पाद	4	66.79	68.78	5	84.35	83.50
धातु उत्पाद	3	10.88	4.03	2	3.96	0.01
मशीनरी तथा उपस्कर	13	68.43	46.29	10	82.88	54.80
बिजली मशीनरी तथा उपस्कर	1	1.80	0.41	4	12.56	6.28
मोटर गाड़ियां और उनके पुर्ज	1	9.90	16.84	1	15.02	26.40
साइकल	1	13.25	5.68	—	—	—
खनन-कोयला	1	2.50	2.11	3	8.60	6.04
होटल	1	5.25	7.11	1	7.35	10.11
सीमेंट	—	—	—	1	7.36	11.32
कृत्रिम रेशे तथा रेजिन्स	1	34.34	18.95	1	—	8.07
लोहा तथा इस्पात	6	7.73	20.27	5	16.14	28.86
उर्वरक	1	7.50	5.66	1	10.00	8.37
विविध खाद्य उत्पाद	—	—	—	1	1.25	—
जोड़	70	637.06	598.40	70	555.94	691.72

